इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव









वर्ष- 44 | अंक - 313 | राजनांदगांव, गुरूवार 02 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


## विजयादशमी पर्व की पाठकों को बधाई...



बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी के अवसर पर समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। - **सम्पादक**

## आज अवकाश

विजयादशमी (दशहरा उत्सव) के उपलक्ष्य में आज दैनिक 'दावा' कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक शनिवार, 04 अक्टूबर 2025 को प्राप्त होगा।

- **व्यवस्थापक**

# दिवाली से पहले किसानों को मोदी सरकार ने दिया बड़ा तोहफा, गेहूं का बढ़ाया एमएसपी रेट

नई दिल्ली। किसानों को बेहतर दाम सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने विपणन सीजन 2026-27 में रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। गेहूं के एमएसपी में प्रति क्विंटल 160 रुपये की वृद्धि की गई है। गेहूं का नया समर्थन मूल्य अब 2585 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

सरकार का प्रयास किसानों को मसूर, चना और तेलहन जैसी फसलों की खेती के लिए भी प्रेरित करने का है। इसके लिए चना, मसूर एवं जौ आदि का भी समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है।

### गेहूं उत्पादक राज्यों के मिलेगा फायदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने यह फैसला लिया। सरकार का मानना है कि इस वृद्धि से किसानों को उनकी लागत का लाभकारी मूल्य के साथ ही फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तर भारत के गेहूं उत्पादक राज्यों में इसका सीधा



फायदा किसानों को मिलेगा। अभी तक 2425 रुपये में बिकने वाला गेहूं अब 2585 रुपये में खरीदा जाएगा। मसूर और सरसों जैसी फसलें भी किसानों को आकर्षित कर सकती हैं, क्योंकि इनके दाम लागत से काफी ऊपर तय किए गए हैं।

### सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सूरजमुखी के MSP में

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दाम बढ़ने से दलहन और तिलहन उत्पादन को भी बल मिलेगा और आयात पर निर्भरता घटेगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं और चना जैसी फसलों की खरीद पर सरकार का ज्यादा ध्यान रहता है। ऐसे में किसानों को इनकी पैदावार बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। मसूर और कुसुम में भी उत्पादन बढ़ाने के लिए यह प्रोत्साहन वाला कदम माना जा रहा है।

### सरसों के MSP में 250 रुपए की बढ़ोतरी

मसूर का एमएसपी 300 रुपये बढ़कर 7000 रुपये हो गया है। सरसों-रेपसीड में 250 रुपये, चना में 225 रुपये, जौ में 170 रुपये और गेहूं में 160 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सरकार का दावा है कि यह वृद्धि 2018-19 के बजट प्रविधानों के अनुरूप है, जिसमें लागत मूल्य का कम से कम डेढ़ गुना दाम सुनिश्चित करने की बात कही गई थी। इस बार गेहूं पर किसानों को लागत से 109 प्रतिशत ज्यादा भाव मिलेगा। मसूर में यह मार्जिन 89 प्रतिशत, सरसों-रेपसीड में 93 प्रतिशत, चना में 59 प्रतिशत और जौ में 58 प्रतिशत है। रबी फसलों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले: शिक्षा और केन्द्रीय कर्मचारियों बड़ी राहत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार, 1 अक्टूबर को 7 बड़े फैसले लिए हैं। यह फैसला सभी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 3 प्रतिशत डीए बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा शिक्षा के लिए 57 नए केंद्रीय विद्यालय, किसानों के लिए एमएसपी पर खरीदी और यातायात को सुगम बनाने के लिए NH-715 के लिए 6,957 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। यहां पढ़ें केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए सभी बड़े फैसले।

### कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ा

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2025 से लागू होगी। इसका वार्षिक वित्तीय भार 10,084 करोड़ रुपये होगा। इससे लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक राहत मिलेगी। केंद्र सरकार ने 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दी है, जिन पर कुल 5,862 करोड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# कोयला घोटाले में ईडी ने राज्य सरकार को लिखा खत; दस आईएएस-आईपीएस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सिफारिश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हुए 570 करोड़ रुपये के कोल लेवी घोटाले मामले में कार्रवाई को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक्शन मोड में है। ईडी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर आरोपी 10 सीनियर आईएएस-आईपीएस ऑफिसर्स के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ईडी ने राज्य के मुख्य सचिव और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को लेटर लिखा है। ईडी की जांच रिपोर्ट में कोयला परिवहन पर लगने वाली लेवी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने की बात सामने आई है। मामले में ऑनलाइन कोल परमिट को ऑफलाइन मोड में बदलने का आरोप है ताकि आसानी से अवैध वसूली किया जा सके। छत्तीसगढ़ सरकार को कोयला लेवी घोटाले में 570 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस भ्रष्टाचार में प्रदेश के कई सीनयर ऑफिसर शामिल थे। ईडी के अनुसार, मामले में अब तक 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है। आगे भी कार्रवाई होती रहेगी। ईडी का आरोप है कि कोल लेवी घोटाला महज आर्थिक अनियमितता नहीं बल्कि सत्ता और प्रशासनिक तंत्र की गहरी मिलीभगत का नतीजा है। जांच में सामने आया कि कई वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलीभगत कर अवैध वसूली का ऐसा जाल बिछाया, जिससे करोड़ों रुपए की रकम वसूल की गई। इस मामले में जनवरी 2024 में ईओडब्ल्यू की ओर से एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद अब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तबीयत बिगड़ने के बाद बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें कम्प्लीट चेकअप के लिए अस्पताल में एडमिट करना पड़ा है। खड़गे, जिनकी उम्र 88 वर्ष है, वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में उनकी सेहत को लेकर चिंता का माहौल है और सोशल मीडिया पर उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआएं की जा रही हैं।






## पहला कॉलम...

# विजयादशमी विशुद्ध रचनात्मक वृत्ति के संकल्प का महाविजय पर्व - द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व की आदर्श अद्वितीय अनुपम भारतीय सनातन संस्कृति सदा सर्वदा से अपने पर्वो, त्योहारों और शुभ मंगला जन उत्सवों को गौरवशाली परंपरा की विशिष्ट महत्तम अवसर विजयादशमी के परमपरिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशेष चिंतन विमर्श में बताया कि श्रेष्ठतम अर्थो में विजयादशमी उत्सव विशुद्ध रचनात्मकवृत्ति के संकल्प का महाविजय पर्व है। भारतीय सनातन संस्कृति के स्वर्णिम महाआर्य के रघुकूल के प्रतिनिधि परम-पुरूषोत्तम राजा श्रीराम चंद्रजी की दानवी शक्ति पर महाविजय का अनुपम, अनूठा उत्सवा त्योहार है, जो प्रतिवर्ष बड़े ही जोश-खरोश के साथ मनाया जाता है। वास्तविकता में शौर्य, साहस एवं पराक्रम तथा सस्त्र पूजा का सहज प्रतीक दशहरा पर्व सर्व जन-जन विशेषकर युवा-बाल-किशोर पीढ़ी के लिए परम सर्वहितकारी संदेश भी लेकर आता है कि हम सभी जीवन में राजा श्रीराम के आदर्शो का समग्र मन-प्राण से अनुकरण करें और रावणवृत्ति का हर हाल में दमन के लिए कृत संकल्पित हों।

आगे डॉ. द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि वैसे भी हमारे सभी मंगल पर्व आध्यात्मिक, धार्मिक, रचनात्मक शुभ्रता से श्रीमंडित होते है जो हमें एक साथ राष्ट्रीय-सामाजिक-सांस्कृतिक एकता अखंडता की उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार सिखाते है। बल्कि इनका शुभ संदेश भी यह होता है कि हम अपने जीवन में हमेशा सात्विकता को ग्रहण कर सत्य मार्ग पर चले। आईये अदभूत शौर्य एवं पराक्रम की परमवीर भावनाओं से ओतप्रोत विजयादशमी पर्व के श्रेष्ठतम संदेश सत्य मार्ग पर चलने के लिए राष्ट्र की संरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हो यही इस महा उत्सवा पर्व का श्रेष्ठ, सामयिक, सार्थक संदेश है।

# आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष का पथ संचालन

**विजयदशमी उत्सव पर शस्त्र पूजन और बौद्धिक, प्रांत सह सेवा प्रमुख अनिल श्रीवास्तव करेंगे मार्गदर्शन**

राजनंदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किल्लापारा बस्ती के बस्ती प्रमुख अनिल नागवंशी ने बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है। 1925 में संघ की स्थापना के बाद विजयदशमी के दिन 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। संघ आज हर बस्ती में पहुंच चुका है। संघ कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता तन-मन-धन से लगे हुए हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए संघ का विजयदशमी उत्सव शस्त्र पूजन एवं पथ संचालन कार्यक्रम दिनांक 2 अक्टूबर को सुबह 7:45 पर अभी अभिमन्यु प्रभात शाखा म्युनिसिपल स्कूल गांधी सभागार के सामने में रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवकुमार निर्वाणी (अध्यक्ष अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ), कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनिल श्रीवास्तव (प्रांत सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छग) का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सभी स्वयंसेवक बंधुओं से समय पूर्व पूर्ण गणेश में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# राज्य स्तरीय अधिवक्ता परिषद का चुनाव निर्विघ्न संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिला न्यायालय में मंगलवार को राज्य स्तरीय अधिवक्ता परिषद का चुनाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त चुनाव के लिए शहर के अधिवक्ता प्रशांत तिवारी व उमाकांत भारद्वाज सहित दिनेश देवांगन ने अपना नामांकन दाखिल किया था। उक्त चुनाव में जिले भर के 814 अधिवक्ताओं में से 480 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का उपयोग किया। इस तरह संपन्न हुए अधिवक्ता परिषद के चुनाव में 60 प्रतिशत मत पड़े। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया मंगलवार को संपन्न हुए राज्य स्तरीय अधिवक्ता परिषद के चुनाव में मतदान के पश्चात मतदान पेटी को पूरी सुरक्षा के साथ बिलासपुर भेज दी गई। सभी जिलों से मतपेटियों पहुंच जाने के पश्चात वहां पूरी सुरक्षा में काउंटिंग होगी। तत्पश्चात जिले वाइज विजयी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें कुछ समय लग सकता है। बहरहाल जिले से राज्य स्तरीय अधिवक्ता परिषद के चुनाव में उम्मीदवार के रुप में भाग्य आजमा रहे तीनों अधिवक्ताओं को फिलहाल काउंटिंग का इंतजार करना पड़ेगा।

# गौ रक्षक बताने वाले भाजपाराज में गौ तस्करी बढ़ी : कुलबीर

**राजनांदगांव (दावा)।** भाजपा सरकार राज में गायों की तस्करी बेधड़क चल रही है। गौ-माता भूख से व दुर्घटना से मर रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया। जिसके कारण पिछले पौने दो साल में गौ-माता चारा-पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण सड़कों पर दुर्घटना से बड़ी संख्या में लगातार मौत हो रही है। विभिन्न समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है। उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कूचल कर मर गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख व चारे पानी की अभाव में मर गई। 200 से अधिक गाय जहरीला पदार्थ आदि खाने में मर गई। उक्त विषय को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता लेकर कही।

श्री छाबड़ा ने प्रेस को बताया कि भाजपा राज में गौठान बंद होने के कारण आवारा घूम रहे। गौ-वंश जब एक समस्या के रूप में सामने आई तो सरकार ने अघोषित रूप से एक बेहद ही क्रूर निर्णय लिया और गौ-वंश की तस्करी को बढ़ावा देने शुरू कर दिया। 2023 में लगभग 14 लाख गोवंश का राज्य में कांग्रेस सरकार के समय 10800 गौठानों में व्यवस्थापन होता था, उनके चारे पानी की व्यवस्था होती थी। गायों के मौत के मामले में कांग्रेस ने अभी तक 6 कमेटियां बनाई है। उनकी रिपोर्ट और हमने जो अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से



- 0 इलेक्ट्रोल बांड में हुआ खुलासा, भाजपा ने बीफ निर्यातक कंपनियों से लिया है करोड़ों का चंदा
- 0 पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गौ-माता के लिए चलाई योजनाओं का भाजपा सरकार ने बंद कर दिया
- 0 अपने को गौ सेवा बताने वाले केन्द्र की मोदी सरकार दुनिया के 65 देशों में बीफ निर्यात में 4.3 अरब डालर कमा रही

चर्चा कर जानकारी एकत्रित की है। वह बहुत ही चौंकाने वाली और दुखद है। दो साल में गांवों और शहरों में पशुओं की संख्या 40 फीसदी तक घट गई है। अर्थात राज्य से पिछले दो सालों में लगभग 5 लाख से अधिक गौ-वंश गायब हो गए है। दुर्घटना व भूख से मरने वाली कुल गायों की संख्या तो लगभग 2 हजार से ढ़ाई हजार तक है। फिर ये लगभग पांच लाख गाय कहा गई। सीधा मतलब है, उनकी तस्करी कर यूपी, महाराष्ट्र के स्लाटर हाउस पहुंचा दी गई।

श्री छाबड़ा ने कहा कि खुद को गौ पूजक और गौरक्षक बताने वाली भाजपा के राज में यह महापाप हो रहा है। गायों की तस्करी हो रही है। गाय स्लाटर हाउस भेजी जा रही है। मोदी सरकार आने के बाद भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बीफ निर्यातक बन गया। बीफ निर्यात करके मोदी सरकार हर साल 4.3 अरब डॉलर कमा रही है। 2014 के बाद भाजपा की मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत दुनिया के 65 देशों में बीफ निर्यात

> कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पिछले पौने दो साल में प्रदेश से गायब लगभग 5 लाख गौवंश के बारे में सरकारीस्पष्टीकरण दें। सरकार 2023 के पहले के बंद पड़े सभी 10800 गौठानों को पुनः शुरू करें। गोठानों में चारा-पानी की सुरक्षित व्यवस्था किया जाये।

कर रहा है। भाजपा शासित राज्यों में देश के सर्वाधिक स्लाटर हाउस यूपी, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में है। इलेक्ट्रोल ब्रांड में खुलासा हुआ कि भाजपा ने बीफ निर्यातक कंपनियों से चंदा लिया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार थी। हमने गायों की रक्षा के लिए गौठान बनाए, गोबर खरीदी शुरू किया, ताकि लोग गायों का पालन पोषण करें। उनकी आय का जरिया बने, भाजपा की डबल इंजन की सरकार तो गौ-वंश को कत्लखाने भेज रही है। सरकार ने गोठान बंद कर दिया है। विकल्प के तौर पर पहले गौ अभ्यारण्य बनाने की बात की गई। फिर गोधाम बनाने का निर्णय हुआ, लेकिन न गौ अभ्यारण्य बनाया गया और न ही गौ धाम बनाया गया। दिखावे के लिए गोधामों में चारा के लिए राशि की घोषणा भी सरकार ने किया। प्रति पशुधन 10 रूपए प्रतिदिन चारा के लिए आबंटन की बात की गई। इतने में कौन सा चारा आएगा।

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, पंकज बांधव, निखिल द्विवेदी, अभिमन्यु मिश्रा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, तौसिफ गोरी, शौर्य वैष्णव मौजूद थे।

# 22 जगहों पर हुआ शस्त्र पूजन, दुर्गा वाहिनी की बहनों ने लिया आत्मरक्षा का संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने मंगलवार को शहर के 22 विभिन्न स्थानों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर बहनों और बालिकाओं ने मां दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप की आराधना करते हुए अपनी आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने का संकल्प लिया।



**बालिकाओं को शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहा है संगठन**

विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में विभाग मंत्री अनूप श्रीवास और जिला मंत्री त्रिगुण सादानी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाना आना चाहिए। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी इसी दिशा में कार्य कर रही है, ताकि हमारी बहन-बेटियां आत्मनिर्भर और आत्मरक्षक बन सकें।

### महावीर चौक पर विशेष आयोजन

महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी केंद्र की सह संचालिका बीके प्रभा दीदी शामिल हुई। जबकि अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी की पूर्व प्रांतीय संयोजिका पूर्णिमा साहू ने की। बीके प्रभा दीदी ने कहा कि हिंदू धर्म में प्रत्येक देवी-देवता ने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए हैं। मां दुर्गा की प्रत्येक भुजा में अस्त्र-शस्त्र हैं, ऐसे में आज की नारी को भी अपनी और समाज की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

### कन्या भोज और श्रृंगार सामग्री भेंट

शस्त्र पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। महिलाओं ने अपने घरों से खीर, पूरी और हलवा जैसी मिठाइयां बनाकर कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें श्रृंगार सामग्री भी भेंट की। इस आयोजन में मातृ शक्ति जिला संयोजिका अंजलि वाडेकर, सह संयोजिका बबीता मिश्रा, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका हेमा साहू, दुर्गा चौरे, मोना गोसाई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुई। इस आयोजन को महिलाओं की आत्मरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202509092200010
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
मुंदगांव प.ह.नं. 00032 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक
पक्षकार फेरुराम साहू
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फेरुराम साहू आ. गोविन्द राम साहू जाति तेली सा. मुंदगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता रमोतिन बाई पति गोविन्द राम साहू का मृत्यु दिनांक 28.01.2011 को मुंदगाँव में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 03.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
1-4-9
133-7 346-3
राजधानी
3-5-7
899-6 246-2

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के गरबा महोत्सव में कैट के सदस्य रहे मुख्य अतिथि



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के तत्वावधान में गायत्री स्कूल परिसर में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के सदस्यों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में कैट के संरक्षक ब्रिज किशोर सुरजन, अशोक पांडे, राजू डागा, राजा माखीजा, राजेश जैन, अमित खंडेवाल, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, सागर चितलंगया, तरनदीप अरोरा, रोहित माखीजा और नेहा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। गरबा की पारंपरिक धुनों पर पुरुष, महिलाएं व युवक युवतियों ने आकर्षक गरबा प्रस्तुत किए। कार्यक्रम स्थल रंगीन लाइटों, सांस्कृतिक परिधानों और संगीत की गूंज से देर रात तक सजा रहा।

लायंस क्लब ने बताया कि नवरात्र जैसे पर्व समाज को एकता और उत्साह के सूत्र में बांधते हैं। वहीं कैट के प्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में परंपरा व सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं। मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने यह जानकारी दी। 'नवरात्र जैसे उत्सव हमें यह सिखाते हैं कि जब हम सब मिलकर गरबा नृत्य, भक्ति और संस्कृति का आनंद लेते हैं। तब समाज और भी मजबूत और खुशहाल बनता है। जीवन में उत्साह, एकता और सकारात्मकता बनाए रखना ही सच्ची सफलता है।'

# शोक संतृप्त परिवार से मिले अभिषेक सिंह

**भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू की माताजी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि**



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा ग्रामीण (पश्चिम) मंडल अध्यक्ष व राजनांदगांव तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष मनोज साहू के निवास स्थान ग्राम खैरा (रवेली) में शोक संवेदना व्यक्त करने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह पहुंचे। मनोज साहू की माताजी श्रीमती अनुसूईया बाई साहू (64 वर्ष) का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती अनुसूईया बाई साहू अपने पीछे पति नंदलाल साहू, दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। अभिषेक सिंह ने साहू परिवार को ढांढस बंधाया और दुःख की इस घड़ी में उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Oct to 09th Oct 2025



Sunny Sanskari Ki Tulsi Kumari - 12:15 and 03:15 pm



Kantara A Legend Chapter 1 (Hindi) - 11:45am, 12:00, 03:00, 06:00, 06:15, 09:00, 09:15 and 09:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल, बाल्कनी बुकिंग सिर्फ 100/-




कांतारा प्र लेजेंड चैप्टर-1
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, खैरागढ़ (छ.ग.)

### जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

E-mail: oppice05,01,2010@gmaol.com palika khairagarh.cg@nic.in Phone& Fax 07820234327

क्रमांक 1452 / राजस्व /न. पा. पं./2025 खैरागढ़ दिनांक 30/09/2025

**- संशोधित द्वितीय नीलामी सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के स्वामित्य के अधीन वार्ड क्रं. 11 घरमपुरा मणीकंचन के पास दक्षिण दिशा में स्थित 21 दुकान में से शेष बचत कुल 08 दुकान एवं पशु चिकित्सालय के पास दक्षिण भाग में स्थित शेष बचत कुल 02 दुकान तथा फतेह खेल मैदान स्थित पुराना थाना के पास दुकान क्र. 01 एवं फतेह खेल मैदान स्टेडियम इकसंविवि के पास स्थित दुकान क्र. 13 तथा 16 का आरक्षण के आधार पर प्रीमियम राशि घोष विक्रय द्वारा शासन के निर्धारित आरक्षण पैमाने के अनुसार नगर पालिका अधिनियम में निहित शर्ते व नियम के तहत आम नीलामी दिनांक 14/10/2025 दिन मंगलवार को समय 12:30 बजे से कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के सभाकक्ष में किया जावेगा। प्रकाशन तिथि से दिनांक 13/10/2025 तक प्रातः 10:30 से शाम 5:00 बजे तक कार्यालयीन समय में इच्छुक बोलीकर्ता प्रत्येक दुकान का पृथक पृथक राशि 30000.00 रू. अमानत राशि जमा कर सकते है, दिनांक 30.09.2025 को अमानत राशि जमा नहीं ली जावेगी। निर्धारित समयावधि तक अमानत राशि जमा नहीं करने की स्थिति में बोली की पात्रता नहीं होगी तथा आरक्षण से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं करने वाले को बोली की पात्रता नहीं होगी।

| क्र. | दुकान स्थल का नाम | आरक्षण की स्थिति | दुकान क्र. | क्षेत्रफल | प्रीमियम राशि | अमानत राशि | मसिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 11 धरमपुरा मणीकंचन के पास दक्षिण दिशा मे स्थित दुकान | अनु.जाति | 01 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 2 | | अनु.जाति | 02 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 3 | | अनु.जनजाति | 03 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 4 | | अ.पि.व. | 05 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 5 | | अ.पि.व. | 06 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 6 | | अनारक्षित (मुक्त) | 14 | 3.30x5.20 sq.m | 3.68 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 7 | | अनारक्षित (मुक्त) | 18 | 3.30x5.20 sq.m | 3.10 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 8 | | अनारक्षित (मुक्त) | 19 | 3.30x5.20 sq.m | 3.10 lakh | 30000.00 | 651.00 |
| 9 | फतह खेल मैदान स्थित पुराना थाना के पास दुकान | अनु.जनजाति | 02 | 32.64 sq.m | 2.45 lakh | 30000.00 | 735.00 |
| 10 | फतह खेल मैदान स्टेडियम इ.क.सं.वि.वि. के पास स्थित दुकान | अनारक्षित (मुक्त) | 13 | 27.60 sq.m | 2.05 lakh | 30000.00 | 615.00 |
| 11 | | अनारक्षित (मुक्त) | 16 | 27.60 sq.m | 2.05 lakh | 30000.00 | 615.00 |

उपरोक्त समस्त दुकानों की लीज अवधि 03 वर्ष के लिए है। प्रत्येक 03 वर्ष के पश्चात् 15 प्रतिशत की वृद्धि किराये में नियम व शर्तो के अधीन होगी। नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैरागढ़

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैरागढ़

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डि. कं. लिमि. राजनांदगांव

**:: आवश्यक सूचना ::**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार/ मरम्मत कार्य हेतु निम्नलिखित दिनांक/क्षेत्रों में प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित/बंद रहेगी।

| क्र0 | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 01 | 03.10.2025 (शुक्रवार) | हास्पिटल फिडर | अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राजीव नगर, स्टेडियम के पीछे, वासनिक ट्रास, गौरव पथ आडोटोरियम, सर्किट हाउस, चौपाटी, सागर पारा, पटेलपारा, ढीमरपारा, किल्लापारा, दिग्विजय कॉलेज, ब्राह्मणपारा, दुर्गाचौक, बासपाईपारा एवं आप-पास के क्षेत्र। |
| | | बसंतपुर फीडर | मोहारा रोड, नंदई रोड, नंदई बस्ती एवं आस पास के क्षेत्र, नंदई चौक हाट-बाजार, ठाकुर दैया तालाब, नंदई कुआं चौक, कांजी हॉउस, दरोगा चाल, पठान पारा, सदर लाईन, जैन बगीचा, मोहता बिल्डिंग |
| 02 | 04.10.2025 (शनिवार) | महामाया फिडर | जोगीनगर, बैद्यनाथ कॉलोनी, कोढ़ीखाना रोड, बाजार चौक, बसंतपुर, तेलीपारा, महामाया चौक, बंगाली चाल, भवानी नगर, जलधारा चौक, शिवनगर, चंद्राकॉलोनी, सबरस होटल, इंद्रपुरी, फुरसत के पल, वी आई पी रोड, एस बी टावर, पुष्पवाटिका, जीवनरेखा हॉस्पिटल, समदा , जयतुलसी एवं आप-पास के क्षेत्र। |
| | | मोहड़ फीडर | सिंगदई बस्ती एवं खार, मोहड़ बस्ती एवं खार, गाढ़ा घाट एवं जंगलेशर। |
| 03 | 05.10.2025 (रविवार) | कलेक्ट्रेड फिडर | तुलसीपुर, न्यू सिविल लाईन, एरिया जिलाध्यक्ष परिसर, न्यायालय, लालबाग, पुलिस लाईन, पुलिस पेट्रोल पंप, एस पी ऑफिस, प्यारेलाल चौक, कलेक्ट्रेड परिसर, एवं उसके पीछे, ममता नगर, शास्त्री चौक, तुलसीपुर गली 1,2,3, आनंद बिहार कॉलानी एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| | | रामदरबार फीडर | नेहरू नगर, एफ.सी.आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, रामदरबार चौक ,शंकर नगर, एबीस होटल के आसपास का क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी। |
| 04 | 06.10.2025 (सोमवार) | नया ढाबा फिडर | श्याम रेसिडेंसी, नया ढाबा, आजाज चौक गणेश धारा मोतीपुर एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| | | इंडस्टीयल फीडर | मठपारा रोड,प्रेम नगर, लखोली नाका,शान्ति अपार्टमेंट,फेस 1-2 ,बर्फ फेक्टरी,गंजलाईन,तिरंगा चौक, लोहार पारा,भरका पारा,उदयाचल रोड,पुराना गंज चौक, |
| 05 | 07.10.2025 (मंगलवार) | लालबाग (सबस्टेशन से भदौरिया चौक) | लालबाग, सिंधी कालोनी, प्रभात नगर, भदौरिया चौक, महेन्द नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सहदेव नगर, एस पी टावर, पांडे रेंजर गली, एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| | | विकास नगर फीडर | विकास नगर, राजीव नगर, संजय नगर, दूर्गा चौक, कोठारा पारा, चक्की पारा, संतोषी नगर, अटल आवास |
| 06 | 08.10.2025 (बुधवार) | बल्देवबाग फिडर | न्यू सिविल लाईन एरिया, बल्देव बाग, बी.एन.सी मिल, न्यू बस स्टैंड, सबेरा संकेत, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, लालबाग पुलिस क्वाटर, तहसील कार्यालय एवं आस-पास के क्षेत्र |
| | | टाउन-1 फीडर | स्टेशन रोड, पुराना सिविल लाईन, टाका पारा, वेसलियन स्कूल के आस पास नगर निगम, स्टेट स्कूल, महावीर चोक किका भाई कॉम्प्लेक्स, गौरी नगर फाटक के आस-पास |
| 07 | 09.10.2025 (गुरूवार) | सिटी फिडर | जमातपारा, सोनारपारा, शीतला मंदिर, किल्लापारा, बसपाई पारा, सिनेमा लाई, मानव मंदिर चौक, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट, गुरूद्वारा चौक, आजाद चौक, गांधी चौक, दीवानपारा, दुर्गा चौक, ब्राम्हणपारा, जयस्तंभ चौक, इमामचौक, चिराग प्लाजा, म्यूनिसिपल एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| | | टाउन-3 फीडर | जलाराम मंदिर, कैलाश नगर, पी.डब्ल्यु.डी. आफिस, गौरी शंकर पेट्रोल पंप, सिटी कोतवाली, माहामाया मंदिर, गुरूकृपा चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कीका भाई चौक, इमाम चौक, जुनी हटरी, भगवती फर्नीचर,सुरजन वकील गली,कामठी लाईन,शनि मंदिर,हमाल पारा,रणवीर बीड़ी कारखाना स्टेटबैक, |

टीपः- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

''असुविधा के लिए खेद है।''

''स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए''

एम.के.साहू 91314615
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा.) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,राजनांदगांव

# सांसद पाण्डेय ने 876 तीर्थ यात्रियों की स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी





**श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत दुर्ग और बस्तर संभाग के श्रद्धालु हुए रवाना**

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय ने आज रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 876 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया। राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का पल रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रभु श्री रामलला दर्शन करने के लिए यात्रियों में बहुत उत्साह है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम अपने वनवास काल में छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत लम्बा समय बिताए। अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की सभी की इच्छा होती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निःशुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए बस्तर संभाग के सुदूर अंचल के श्रद्धालुओं में खुशी की लहर देखते बन रही है। बस्तर संभाग के नागरिक देश एवं प्रदेश की मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुके हैं। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड नीलू शर्मा ने कहा कि आज शक्ति, भक्ति और अराधना नवरात्रि के महापर्व पर दुर्ग और बस्तर संभाग के 876 श्रद्धालु यात्री रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि लगातार यह तीसरी ट्रेन आज राजनांदगांव से रवाना हुई है। प्रदेश में यह योजना अनवरत जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर छत्तीसगढ़वासियों को श्रीराम लला दर्शन एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन करा रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, दिलीप वर्मा, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम गौतम चंद पाटिल, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेल्वे के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# संस्कारधानी सेवा समिति ने छेड़ा हस्ताक्षर अभियान, सांसद संतोष पांडे ने दिया केंद्रीय मंत्री से बात करने का आश्वासन



सांसद पांडे को सौपा मांग पत्र

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव से रायपुर तक मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग को लेकर संस्कारधानी सेवा समिति ने अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आज सांसद कार्यालय पहुंचकर जिला सांसद संतोष पांडे को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा।

### सांसद ने जताई सहमति, दिया आश्वासन

सांसद संतोष पांडे ने इस जनहित की मांग पर अपनी सहमति जताई। उन्होंने समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस महत्वपूर्ण विषय पर केन्द्रीय रेलमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर बात रखेंगे। सांसद ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मांग पत्र सौंपने वालों में समिति के प्रमुख सदस्य राजू डागा, भावेश अग्रवाल, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, संजय तेजवानी, गुरमुख सिंह वाधवा, दौलत चंदेल, राजा माखीजा, आलोक श्रोती, आशुतोष सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अगले गुरुवार महाकाल चौक पर चलेगा अभियान

समिति ने नागरिकों से इस पहल में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि आगामी गुरुवार को महाकाल चौक पर दोपहर 3 बजे से हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। समिति ने कहा कि मेट्रो जैसी आधुनिक परिवहन सुविधा से न केवल यातायात की समस्या कम होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और समय की बचत भी होगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अभियान को समर्थन दें। समिति का मानना है कि जनहित के लिए उठाई गई हर आवाज भविष्य को बदलने की ताकत रखती है।

# सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी, समय पर नहीं पहुंचते अस्पताल



**शिकायत पर पहुंची नपं अध्यक्ष ने जताई कड़ी नाराजगी**

डोंगरगांव (दावा)। मरीजों की सेवा के संकल्प के साथ डॉक्टरों की पढ़ाई और फिर फील्ड में खुद को साबित करना कुशल चिकित्सक के गुण को दर्शाता है। वहीं आज-कल ज्यादातर डॉक्टर निजी प्रेक्टिस के चक्कर में शासकीय अस्पताल में मनमर्जी से पहुंचते हैं। यह बात हम नहीं कह रहे हैं। डोंगरगांव के शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों ने बताया कि ना समय में चिकित्सा सुविधा मिल पाता है और ना ही डाक्टर उपस्थित रहते हैं और यदि डॉक्टर आ भी जाते हैं तो उनका व्यवहार मरीज के प्रति सहानुभूति पूर्वक नहीं होता।

सोमवार को शासकीय अस्पताल के मरीजों व कुछ मीडिया कर्मियों के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी को शिकायत किया गया कि अस्पताल में चिकित्सा सुविधा का अभाव है और समय पर डॉक्टर नहीं रहते, जिसके कारण काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। वही इमरजेंसी स्थिति में भी कोई विशेष लाभ नहीं हो पाता और मरणाशन की स्थिति में इस हालत में राजनांदगांव की तरफ जाना पड़ता है। शिकायत पर मंगलवार को अस्पताल पहुंची नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने जब देखा कि 10 बजे तक डॉक्टर अपने केबिन में नहीं थे। तब उन्होंने बीएमओ रागिनी चंद्रे को बुलवाया और कहा कि स्वास्थ्य लाभ में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी और डॉक्टर समय पर उपस्थित नहीं होते उनके लिए कारण बताओं नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारी जाए और ड्यूटी चार्ट में डॉक्टर के नाम अंकित किए जाएं।

नगर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही लगातार एक के बाद एक सामने आ रही है। ज्ञात हो कि सुबह 9 बजे ओपीडी शुरू हो जाता है। अस्पताल परिसर में मरीजों की लंबी लाइन लगी थी, लेकिन डॉक्टरों की गैरमौजूदगी के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी यह भी आ रही है कि ओपीडी टाइम के बाद यदि कोई मरीज अस्पताल पहुंचता है तो उसका इलाज करने के बजाय उसे वहां से भगा दिया जाता है।

क्या शिकायत कई बार आती है। वहीं दूसरी ओर बीएमओ रागिनी चंद्रे अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहीं है और मरीजों से आत्मीयता से जुड़कर सही इलाज किया है। उनकी तारीफ हर वर्ग के मरीज और नागरिक करते हैं। वर्तमान में पदस्थ चिकित्सकों को श्रीमती चंद्रे से चिकित्सक के गुण सीखना चाहिए।

### लोगों में आक्रोश, मरीजों को हो रही परेशानी

स्थानीय नागरिकों ने भी अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत की है। कुछ मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बाद भी डॉक्टरों से मुलाकात नहीं हो पाई, हर दिन ऐसा ही होता है। डॉक्टर समय पर नहीं आते और जो आते हैं। आते भी है तो वे जल्दी चले जाते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है, जब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही उजागर हुई हो। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण और सख्त कदम नहीं उठाने से मनमानी को बल मिलता है।

### दो डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी

कर्तव्य में लापरवाही भारत ने और अनुशासनहीनता के चलते दो डॉक्टरों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सक श्री मंडावी और शिशु रोग विशेषज्ञ हिमांशू नामदेव को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख है कि 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे तक अपने कार्य पर अनुपस्थित थे। कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही को प्रदर्शित होता है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और कदाचित अनुचित है। वहीं दोनों चिकित्सकों को 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने प्रस्तुत करे कहा गया है। जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात कही गई है। बता दें कि डॉक्टर नामदेव को यह दूसरी बार नोटिस जारी किया गया।

> मरीजों और मीडिया के माध्यम से शिकायत मिली थी कि मरीज परेशान है और डॉक्टर समय में नहीं आते, व्यवहार सही नहीं, स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। मैने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया तो अधिकांश डॉक्टर नहीं पहुंचे थे और मरीज परेशान थे। बीएमओ को व्यवस्था सुधारने कहा गया है और अनुपस्थित डॉक्टरों के लिए नोटिस जारी करने कहा गया है।
>
> **– अंजू त्रिपाठी, नपं अध्यक्ष डोंगरगांव**

> देर से पहुंचने वाले दो डॉक्टरों को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है और चेतावनी दी गई है कि दोबारा ऐसी गलती न हो। मरीजो और जरूरतमंद लोगों को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिले इसका ध्यान रखा जाए।
>
> **– डॉ. रागिनी चंद्रे, बीएमओ डोंगरगांव**

# किशोरों और पालकों के लिए 'संवाद से समाधान' बाल स्वास्थ अकादमी का अभिनव कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय बाल स्वास्थ अकेडमी के छत्तीसगढ़ प्रांतीय शाखा का रजत जयंती सम्मेलन 3, 4, 5 अक्टूबर को राजनंदगाँव में आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के करीब 250 बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञ तथा देश के विभिन्न नगरों जिसमें दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, नासिक, हैदराबाद नागपुर और ग्वालियर से प्रख्यात विशेषज्ञ अपनी सहभागिता देंगे। इस सम्मेलन में नवीनतम शोधों तथा शिशु बाल तथा किशोर स्वस्थ से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा तथा कार्यशाला होगी।

इस सम्मेलन में एक अभिनव कार्यक्रम 'संवाद से समाधान' 3 अक्टुबर शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे से 5 बजे तक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकार ऑडिटोरियम में आयोजित है, जिसमें किशोर वय के बच्चों एवं पालकों के बीच नयी पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के मध्य परि-संवाद होगा तथा उनके जीवन कौशल, अभिभावकत्व तथा आहारचर्या पर विशेष चर्चा होगी। जनजागरुकता के इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे तथा विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे।

सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र गांधी एवं आयोजन सचिव डॉ. नरेश कटियारा ने सभी से अपील की है कि इस कार्यक्रम में अवश्य उपस्थित हों।

# संस्कारधानी गरबा उत्सव-सीजन 9 : शिवनाथ वाटिका में बिखर रहे गरबा के रंग, गरबा प्रेमी बढ़-चढ़कर ले रहे हिस्सा




राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ वाटिका में चल रहे संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025-सीजन 9 के नौवें दिन 30 सितंबर को गरबे की धुन पर सैकड़ों प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगे परिधानों और उत्साह से भरे प्रदर्शन ने वातावरण को खास बना दिया। निर्णायक के रूप में अनुराधा लोहिया और सुमन अग्रवाल मौजूद रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहा और विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

गरबा में बेस्ट गरबा मेल का खिताब राम खंडेलवाल ने अपने नाम किया। वहीं बेस्ट गरबा फीमेल में काजोल सेन विजेता रही। नितेश पंजवानी ने बेस्ट ड्रेसअप मेल और ख्याति खंडेलवाल ने बेस्ट ड्रेसअप फीमेल का खिताब जीता। बेस्ट गरबा किड मायरा बगानी रहीं। जबकि बेस्ट कपल कैटेगरी में मयंक और गुरुषा ने बाजी मारी। पार्वती गरबा स्टार कपल में करण और पूजा कन्नोजे विजेता बनी। वहीं महिला वर्ग में हितल लालवानी को सम्मानित किया गया। पार्वती ज्वेलर्स की ओर से रागिनी सोनी, प्रमोद सोनी और समेर बंजारे को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। शाइन फेस ऑफ द डे (मेल) में अक्षत अग्रवाल और (फीमेल) में गुंजन वैष्णव चुने गए। स्माइल ऑफ द डे (फीमेल) का खिताब शिल्पा विनोद अग्रवाल और नीलू कन्नोडे ने जीता। साथ ही नंदनी जैन, तनिषा बोहरा, वंशिका लालवानी, मानव गुप्ता, श्रुति साव, मोक्ष दावे, हर्षिता जैन को भी सम्मानित किया गया।

### नन्हें प्रतिभागियों ने भी बिखेरा जलवा

फर्स्टक्राई कैटेगरी (0 से 6 वर्ष) में ओम मसंद, भाव्या लालवानी और अन्य बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीता। वहीं सिल्वर स्क्रीन क्राउड में कानिष्का जैन को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में हर वर्ग की प्रतिभाओं ने गरबे के इस सांस्कृतिक पर्व को और भी खास बना दिया। विजेताओं को आयोजकों ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। नवरात्रि पर हो रहा यह आयोजन अब शहरवासियों में खास पहचान बना चुका है।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाले तथा उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि उक्त मामले में लालबाग थाने में रिपोर्ट के 24 घण्टे के भीतर नाबालिक लड़की को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के प्रभात नगर निवासी आरोपी राहुल पिता जीवा सोनवानी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि 29 सितंबर को प्रार्थियां द्वारा थाना लालबाग आकर अपनी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट कराई गई थी।

पीड़िता के कथन अनुसार आरोपी पीड़िता से शादी करूंगा कहकर अपने साथ भगाकर ले गया और दुष्कर्म किया। इस प्रकरण में धारा- 64(2)(एम), 87 बी.एन.एस. 4, 6 पाक्सो एक्ट जोडकर घटना कारित कर फरार आरोपी का पता तलाश कर आरोपी राहुल सोनवानी को पूछताछ किया गया। जिस पर उनके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर उसे बुधवार 1 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

# युगांतर में होगा भव्य सभागृह का निर्माण



**युगांतर की प्रबंध समिति ने सभागृह का किया भूमिपूजन**

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में भव्य सभागृह के निर्माण की आधार शिला संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी तथा निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने रखी। इस दौरान पंडित द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार द्वारा भूमि की पूजा कराई गई। जिसमें संस्था के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेकेटरी विनय डड्ढा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया, विनोद सदानी, डॉ. मोहन पारख, प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं शिक्षकों ने भी भाग लिया। संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सर्व सुविधायुक्त भव्य सभागृह का निर्माण पूर्व नियोजित था। सत्र 2025-2026 में इसके निर्माण की आधारशिला रखने से शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण काफी आल्हादित हैं। प्रबंधन ने सभागृह के निर्माण का भूमि पूजन कर एक नए अध्याय की शुरुआत की। जो न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को समृद्ध करेगा, बल्कि अकेडमिक्स उत्कृष्टता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। संस्था सदैव अपने विद्यार्थियों को समग्र विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

इस भव्य सभागृह के निर्माण से न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों को एक आदर्श मंच मिलेगा, बल्कि यह अकेडमिक्स गतिविधियों, सेमिनार, वर्कशॉप और इंटरेक्टिव सेशन के लिए भी अत्यंत उपयुक्त साबित होगा। इस नए सभागृह के निर्माण से संस्था न केवल राजनांदगांव बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के लिए एक नए प्रतिमान को स्थापित करेगी। संस्था निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। जहां प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा को निखारने के अनगिनत अवसर प्राप्त होते हैं। संस्था की यह पहल निःसंदेह शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय का सूत्रपात करेगी।

# डॉ. जे.बी. सिंह स्कूल में सीबीएसई के मार्गदर्शन में मूल्यांकन और आंकलन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव में 13 व 14 अक्टूबर को सीबीएसई के मार्गदर्शन में मूल्यांकन और आंकलन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को मूल्यांकन और आंकलन के नवीनतम तरीकों से अवगत कराना है, जिससे वे अपने शिक्षण कौशल में सुधार कर सकें।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेषताएं

0 **मूल्यांकन और आंकलन** – कार्यक्रम में मूल्यांकन और आंकलन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सीखने के परिणामों का मूल्यांकन और छात्रों की प्रगति की निगरानी शामिल है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो मूल्यांकन और आंकलन में सुधार पर जोर देती है और छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करती है।

0 **सीबीएसई मार्गदर्शन** – कार्यक्रम सीबीएसई के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिससे प्रतिभागियों को सीबीएसई के नवीनतम दिशानिर्देशों और मानकों के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

0 **अनुभवी प्रशिक्षक** – कार्यक्रम का संचालन अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा। जो मूल्यांकन और आंकलन के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं।

### प्रतिभागियों के लिए जानकारी

0 **योग्यता** – कार्यक्रम सभी शिक्षकों और शैक्षिक कर्मचारियों के लिए खुला है।

0 **संपर्क जानकारी** – इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए स्कूल के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### विद्यालय की पहल

डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह ने बताया कि यह पहल छात्रों के हित में है और उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर स्कूल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिनमें अशोक चौधरी (उपाध्यक्ष), संजय बहादुर सिंह (निदेशक), सावंत बहादुर सिंह (निदेशक), जन्मेजय बहादुर सिंह (निदेशक), श्रेयांश बहादुर सिंह (निदेशक), अभिषेक खंडेलवाल, इंद्रकुमार वैष्णव, अनुराधा शुक्ला, यामिनी साहू, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, एकता खण्डेलवाल, सोनल अंजोरियो शामिल हैं।

# 3 एवं 4 अक्टूबर को बिजली कार्यालय का घेराव - कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार बिजली बिल हॉफ योजना बंद करने एवं बिजली के दर में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस पार्टी 03 एवं 04 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जिले के सभी विद्युत कार्यालयों का घेराव कर तालाबंदी करेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि छ ग की भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बिजली की दर में वृद्धि कर सुनियोजित लूट प्रारंभ कर जनता के साथ अन्याय कर रही हैं। छग में कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रहा था। वर्तमान में आए बढ़े हुए बिजली बिल के कारण परिवार का बजट बिगड़ गया है। लगभग सभी उपभोक्ताओ का बिजली बिल दुगुना आया है। जनता के साथ छग सरकार द्वारा किए गए अन्याय व बढ़े हुए बिजली के दामों के खिलाफ कांग्रेस ने जन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए आम जनता से निवेदन किया जाता है कि बढ़े बिजली दर के इस विरोध में कांग्रेस के साथ बिजली ऑफिस जरूर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनावे।

# जिला सहकारी संघ राजनांदगांव की 44वीं आमसभा संपन्न

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आय-व्यय बजट को मिली सर्वसम्मति से मंजूरी**




राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव की 44वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक एन.एल. टंडन, उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, एवं मानपुर-मोहला-चौकी जिलों की विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभा में संघ के प्राधिकृत अधिकारी आलोक सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2023-24 का अंकेक्षण (ऑडिट) टीप और वर्ष 2025-26 के लिए आय-व्यय बजट को मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, संस्था के पंजीकृत बायलॉज एवं अनुमोदित सेवानियम में संशोधन और नवीन प्रावधानों को भी स्वीकृति दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और नारी शक्ति का सम्मान

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 4 सितंबर को आयोजित सहकारी सम्मेलन में जिला सहकारी संघ की सहभागिता एवं आर्थिक सहयोग का भी अनुमोदन किया गया। मुख्य अतिथि एन.एल. टंडन ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता एवं उनके योगदान की विशेष सराहना की और सभी से नारी शक्ति का सम्मान करने की अपील की। सभा में उपस्थित विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में संघ के प्रभारी प्रबंधक एन कुमार साहू ने सभा में उपस्थित सभी प्रतिनिधिगणों का आभार व्यक्त किया।

## अनमोल दावा

**छोटा सा दान किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है।**

# संघ की शक्ति का रहस्य : डॉ. हेडगेवार वैचारिक आंदोलन और संघ का अपरिवर्तनीय पथ

डॉ. हेडगेवार की प्रसिद्धी नागपुर तक सीमीत थी। संसाधन से वे शून्य थे। डा. हेडगेवार ने असमान्य कार्य कर दिखाया। दुनिया में इतिहास रचने वाले ऐसे ही लोग होते हैं। एक सामान्य शिक्षक ने यूरोप के इसाईयत के प्रभावी पाखंड को 1517 में अपने नाइन्टीफाइव थेसीस के द्वारा चुनौती दी और बदलाव का कारण बना। वे थे मार्टिन लूथर।

इतिहास में बदलाव सत्ता, विचार, समाज या व्यवस्था बदलाव से कही बड़ा होता है। बाकी सभी परिवर्तन इतिहास में खींची गई रेखा के प्रभाव में स्वतः हो जाते हैं। संघ ने इसी को अपना लक्ष्य माना है। अतः इसका कार्य कभी खत्म नहीं होता है, न यह अपने ही कार्यों से संतुष्ट होता है। संघ का सौंवा वर्ष कुछ ऐसी ही तस्वीर लेकर उपस्थित है।दूसरों की नजर में संघ बड़े परिवर्तन का कारण है। इसमें सत्ता परिवर्तन, हिंदुत्व की विचार धारा को उपेक्षित स्थान से विमर्श के केंद्र में ले आना और संस्कृति के राष्ट्रीय जीवन में महत्व को पुनर्जीवित करना आदि प्रमुख हैं। पर संघ इससे आगे की चुनौतियों को देख रहा है। उक्त परिवर्तन इसके विस्तार और इसके द्वारा सौ वर्ष से किया जा रहा वैचारिक साक्षरता का स्वाभाविक परिणाम है। वैचारिक साक्षरता का तात्पर्य लोगों को अपनी संस्कृति, विरासत, समरसता और राष्ट्रवाद का बोध कराना। यह आसान कार्य नहीं है। भाषणों या पुस्तकों से संभव नही होता है। इसके लिए निरंतर सूक्ष्म स्तरों पर संवाद की आवश्यकता होती है।

इसने उस विचार को विस्थापित कर दिया जिसके पास अनंत पुस्तकीय सृजन और लोकप्रिय विचारक थे। उस विचार पर औपनिवेशिक, नेहरूवादी और मार्क्सवादी तीनों का प्रभाव था और यूरोप केंद्रित बौद्धिकता से प्रमाणित होता था। पर मौलिकता में स्थापित विचारों, परंपराओं, व्यवस्थाओं को झकझोर देने की अपूर्व क्षमता होती है। वैचारिक साक्षरता में भारत की वास्तविकता, विरासत और विचार तीनों था।हिंदुत्व, साम्यवाद, समाजवाद, गांधीवाद, जैसे विचारों से जुड़े प्रभावी संगठनों और देश-विदेश में प्रसिद्धी संपन्न नेताओं, यथा महात्मा गांधी, डा. बाबा साहेब अम्बेडकर, विनायक दामोदर सावरकर, मानवेन्द्र नाथ राय, जवाहरलाल नेहरू आदि के बावजूद डा. हेडगेवार का संघ क्यों बढ़ता गया?

डा. हेडगेवार की प्रसिद्धी नागपुर तक सीमीत थी। संसाधन से वे शून्य थे। डा. हेडगेवार ने असमान्य कार्य कर दिखाया। दुनिया में इतिहास रचने वाले ऐसे ही लोग होते हैं। एक सामान्य शिक्षक ने यूरोप के इसाईयत के प्रभावी पाखंड को 1517 में अपने 'नाइन्टीफाइव थेसीस' के द्वारा चुनौती दी और बदलाव का कारण बना। वे थे मार्टिन लूथर।

डा. हेडगेवार एक मानक सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में थे। 1916 में कांग्रेस द्वारा प्रकाशित होने वाली संकल्प पत्रिका का ग्राहक बनाने का कार्य उन्हें सौंपा गया। वे गांव-गांव गए। इसी बीच तब कांग्रेस के प्रांतीय नेता डा. बालकृष्ण मूंजे को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था, च्लोग सार्वजनिक कार्य स्वयं नही दूसरों से करवाने की मंशा रखते हैं।आद्य शंकराचार्य की जयंती में मई 1936 को नासिक के शंकराचार्य डा. कुर्तकोटी ने डा. हेडगेवार को उनकी अनुपस्थिति में उन्हें च्राष्ट्र सेनापति% को उपाधी दी। लोग खुश थे पर डा. हेडगेवार की प्रतिक्रिया एकदम भिन्न थी। उन्होने लिखा, च्डा. कुर्तकोटी के द्वारा दी गई उपाधी हमलोगों के लिए असंगत है। कोई भी इसका प्रचार या उपयोग नहीं करे।ज

डा. हेडगेवार ने सार्वजनिक जीवन और संगठनों में च्लोक नैतिकताज् की कमी महसूस की और इसे ही उन्होने संघ का मेरुदंड बना दिया। लोक नैतिकता का अर्थ समाज के मानक के अनुकूल आचरण होता है। इस आचरण में गिरावट ही किसी संगठन के क्षरण का कारण बन जाता है। डा. हेडगेवार उसी पात्रता जो जीवनपर्यंत बनाते रहे। श्री राम गोस्वामी एक प्रसिद्ध विचारक और शिक्षाविद थे। वे संघ के विचार को बखूबी से रखते थे। नवंबर 1935 में डा. हेडगेवार को पत्र लिखकर अपने द्वारा संघ पर दिए गए भाषणों के संकलन की प्रस्तावना लिखने का अनुरोध किया। डा. हेडगेवार ने उसे अस्वीकार करते हुए लिखा था कि च्संगठन शास्त्र में आत्म स्तुति, व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षा का कोई स्थान नहीं है। व्यक्तित्व के टट्टू को जबदस्ती आगे बढ़ाने से संगठन खड़ा नहीं हो सकेगा।ज् प्रसिद्ध लेखक दामोदर पंत द्वारा उनका जीवन चरित्र लिखने का अनुरोध आया जिसे उन्होंने यह कहकर मना कर दिया, च्मेरे जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं है कि जीवन चरित्र लिखा जाए। ऐसा नहीं कर आप मेरा सहयोग करेंगें।ज

साधारणतया सार्वजनिक संगठनों में लक्ष्य से अधिक महत्वपूर्ण उसको अंजाम देने वाले लोग हो जाते हैं पर उस संस्कृति को संघ ने प्रवेश करने नहीं दिया। भारत के लोकमानस को सतत आदर्श आचरण सभी युगों में आकर्षित करता रहा है। इसीलिए बड़े, व्यापक और प्रसिद्ध नेताओं वाले संगठनों के बीच संघ तेजी से फलने फूलने लगा। डा. हेडगेवार ने वैचारिक आंदोलन की नई संस्कृति को गढ़ने का काम किया। संगठनात्मक अहंकार त्यागकर ही विचारों को साझा किया जा सकता है। डा. हेडगेवार मजदूर नेता रुईकर से लेकर सावरकर तक समानधर्मिता खोजते थे। संघ ने समानधर्मिता की खोज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में आंच आने नहीं दी। तभी तो डा. मोहन भागवत सरलता से सीमित प्रभाव वाले विविध विचारों के लोगों से बेहिचक मिलते हैं।

# राम जागेंगे तभी रावण भागेंगे

विजय मिश्रा 'अमित'



दशहरा के दिन रावण का पुतला जलाने के लिए विशालकाय पुतला बनाने की तैयारी में कई दिनों से जुटा था। हाड़तोड़ मेहनत के कारण थक कर चूर चूर हो गया था।इसलिए रात में बिस्तर पर जाते ही घोड़ा बेचकर सो गया था।

तभी बाहर से आते जिंदाबाद -मुर्दाबाद के नारों से मेरी नींद टूट गई। चुनावी दौर में कौन नासमझ इतनी रात को जूलूस लेकर निकला है? सोचते,आंखे मलते घर के बाहर देखा।तब यह देखकर दंग रह गया कि अलग-अलग राजनैतिक पार्टी के रावण एकत्रित होकर अपनी-अपनी बातें बढ़ा चढ़ा कर बता रहे हैं।वे जनता- मतदाता को रिझाने एक से बढ़कर एक लुभावने घोषणा भी कर रहे हैं।जैसे दीवाली के समय बाजार में दुकानदार बड़े बड़े आफर देते हैं। इस अकल्पनीय दृष्य को देखकर मेरी नींद पूरी तरह से उड़ गई। मैं कान लगाकर उनकी बात ध्यान से सुनने लगा।

**आज दशहरा पर्व विशेष**

मैंने देखा फूल गोभी छाप पार्टी का रावन फूलगोभी छाप पर मुहर लगाने की अपील करते हुए बोल रह था- हमारा प्रदेश किसानों का प्रदेश है।हरेक किसान को अपनी मेहनत के बल पर जीने का हक है।हमने देखा है कि सूखे -अकाल की स्थिति में किसान परिवार भूखा प्यासा मर जाता है। इसका निदान करने हम शिविर लगाकर किसान परिवारों को महीनों भूखा-प्यासा रहने का निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। हमारी पूरी कोशिश होगी कि हर वर्ष सूखा अकाल पड़े ताकि हमारे किसान भूखा रहकर भी जिंदा रहने अभ्यस्त हो सकें।

फूलगोभी छाप पार्टी के रावण की बात समाप्त होते ही सांड छाप पार्टी का रावण उठ खड़ा हुआ। वह बोला- जन्म से मृत्यु तक आदमी गोरस -गोबर पर ही आश्रित रहता है। अतः हमारी पार्टी जीतेगी तो हमारी कोशिश होगी कि स्वच्छ स्थल,शुद्ध वायु में पली बढ़ी गाय का गौमुत्र सभी भाई -बहिनों को निःशुल्क मिल सके।

इस हेतु गांव -शहर में समस्त गोवशों को सपरिवार अर्थात गाय, भैंस, सांड, बछड़ा, बछिया को सड़कों पर बेरोकटोक घुमने,आराम से बैठने की आजादी हमारी पार्टी देगी। इससे कोई भी जरूरतमंद अपनी सुविधानुसार जब चाहेगा गौमुत्र निःशुल्क प्राप्त कर लेगा। आप सभी इस बात से भी सहमत होंगे कि सड़कों पर घूमते गाय -भैंस एक प्रकार से स्पीड ब्रेकर का काम भी करते हैं,अतः स्पीड ब्रेकर बनाकर,गौठान बनाकर धनराशि को बर्बाद करने के बजाय हमारी पार्टी उस धनराशि से दाना भूसा खरीद कर सड़क पर बैठे गोवंश के बीच वितरित करेगी।



तभी बोतल छाप पार्टी का रावण लड़खड़ाते हुए आया।उसकी लाल आंखें बयां कर रही थीं कि उस पर अंग्रेजी सवार है।आगे आकर वह बोला- माई डीयर फ्रेंड्स, आई नो वेरी वेल हमारा प्यारा प्रदेश अलग-अलग नशाखोरी में आकंठ डूब गया है।आए दिन बड़ी संख्या में प्यारे नशेड़ी भाई मौत के मुंह में जा रहे हैं।

ऐसी स्थिति में हमारी माताएं- बहनें विधवा होकर नर्क की जिंदगी जीने को विवश हैं।भाईयों और बहनों अगर हमारी पार्टी की सरकार बनती है तो हम ऐसी माता बहिनों का विशेष ध्यान रखेगें।उनकी जिन्दगी को स्वर्ग बनाने के लिए घर घर में सर्वसुविधायुक्त विधवा आश्रम खुलवा देंगे।

तभी चिमटा-घंटी धारी स्वेत - भगवा- हरा वस्त्रों से सुसज्जित रावण सामने आया।वह सर्वधर्म समभाव की लच्छेदार बातें करते हुए बोला- हमारी पार्टी जीतेगी तो जाति धर्म देखे बिना ही एक के साथ एक फ्री की नीति को अपनाएंगे। अर्थात एक मृत्यु संस्कार के साथ एक मृत्यु संस्कार मुफ्त करेगें। हर किस्म के पूजा पाठ की दक्षिणा में पचास प्रतिशत की कटौती करेंगें।शनि को शांत करके कुबेर को घर घर पहुंचाएंगे। उनकी बकवास सुनते सुनते मेरी आत्मा मुझे धिक्कारने लगी।वह बोली-असली रावण को तो राजा राम ने मारा था।तुम रामवंशी,रामभक्त हो और कब तक ऐसे रावणों से छलाते रहोगे। ''कुत्ते की आंख इक्कीस दिन में खुलती है,पर आदमी आंख खुलने में इक्कीस वर्ष लग जाते हैं'' यह बात सुनी तो थी पर आज उसे प्रत्यक्ष देख भी रही हूं आखिर कब खुलेगी तुम्हारी आंख ...उठो... जागो... और ऐसे बहुरूपिए रावणों का वंश नाश करो। इन्हें मारने तुम्हें ही राम बनना होगा। अपनी आत्मा की ऐसी ललकार से मेरे भीतर का राम,मेरे भीतर का गांधी जाग उठा। मैं रौद्र रूप लिए,दहाड़ते हुए बहुरूपिए रावणों की ओर दौड़ा।मेरे भीतर बसे राम -गांधी की शक्ति को बाहर आते देखकर वे दुम दबाकर भाग निकले। तभी मेरी नींद टूट गई। मुझे लगा सचमुच मैं जाग गया हूं।मेरी आंखें खुल गईं हैं। मैं दोनों हाथ उठाकर गरज उठा जयश्री राम।

अग्रोहा सोसायटी, रायपुर (छ.ग.)492013 , मो- 98931 23310

# मैंने मन के रावण को मार दिया

माधुरी बहू बन कर अपने ससुराल आई थी, तब उन्होंने दशहरा में देखा था, सास मॉ को अपने दोनो बेटे यानी उनके पतिदेव और देवर भैया का आरती कर टीका करते। दोंनो भाई एक जैसे पेन्ट और बुश शर्ट पहने दशहरा मेले से रात दस बजे रावण वध के बाद, घर आते। सासू मॉ आंगन में चौक पूरित पाटा रखती थाली में आरती और टीका के सामान के साथ कटोरी में पेड़ा रखकर पूरी तैयारी कर बेटों की राह देखते रहती। दोनों बेटे प्रसन्न बदन आते, पाटे पर खड़े हो जाते। सासू मॉ मुग्ध मन उनको टीका लगाती, आरती करती फिर अपने हाथों पेड़ा खिलाती। बेटे बड़ी श्रद्धा से मॉ के पैर पड़ते, मॉ उन्हें सुखमय जीवन का आशीर्वाद देतीं। इस तरह घर में विजयादशमी मनाई जाती। माधुरी को यह सब देख खूब अच्छा लगता था।

माधुरी को आज वे बीते दिन याद आ रहे हैं। कैसे अच्छे दिन थे वे। घर में सब प्रेमभाव से रहते थे। अब उसके भी दो बेटे हैं हेमचंद और प्रेमचंद दो बहुऍं है शान्ति और सरला पर... इसी पर के आगे तो रोना है। बड़ा बेटा कचहरी में बाबू है और 'पीता' है। उसके पीने के कारण पूरे घर का वातावरण सहमा सहमा छ गया है। उसके पिता, माधुरी के पति ने, शुरू -शुरू में उसको अपनी तरफ से खूब समझाने की कोशिश की पर जब कुछ भी न समझ कर वह ढीठ हो गया तो पिता ने उसके 'मनुष्य' होने की आशा छोड़ दी । बोले ''अब समय ही हेमू को ठीक करेगा। वे फिर अपने ही घर में ही सन्यस्त हो गये। पर माधुरी तो माँ है नॉ, वह कैसे निर्विकार हो जाय। वह हेमू से अच्छा व्यवहार कर उसे सुधारना चाहती पर हेमू प्रायः रोज ही शाम को पीकर आता। उसके आते ही पत्नी शान्ति अशान्त हो जाती। वह क्या करे, कैसा कहे-वह कुछ समझ न पाती । कुछ बोलो तो आफत, न बोलो तो परेशानी। माधुरी ने शान्ति से कहा-''बेटी । हेमू ऊपर गया है आज, यहॉ नहीं आया, जा तुम उसे नमकीन और चाय दे आओं। शान्ति ने सहम कर कहा -'कही वे भड़क कर गाली बकने लगे तो मम्मी! मैं क्या करूंगी। कहीं साहस कर कुछ बोल उठी, तो वे मार न बैठे। नशे में रहते हैं, उनका क्या भारोसा ? '' माधुरी कहती-और तुम नहीं जाओगी शान्ति तो वह और ....।'' शान्ति शान्त स्वर में कहती -''जाती हूॅ मम्मी ! जो होगा, देखा जाएगा।''

यह एक दिन का किस्सा नहीं, करीब-करीब रोज ही इसी तरह की घटना घटती रहती । एक रविवार की शाम जरूरत से ज्यादा पीकर हेमू नशे में था और जो मन में आए बक रहा था तब छोटा भाई प्रेम एकदम क्रुद्ध होकर सरला से बोला-''देख कहे देता हूॅ सरला ! तू बीच में न पड़ना। आज तो मैं भैया को ठीक करके रहूंगा। भले मम्मी पापा उसको बरदाश्त करते रहें मुझ से रोज-रोज की यह बेहूदगी सही नहीं जाती। प्रेम क्रधामिभूत होकर तुरन्त हेमू की ओर बढ़ चला। हेमू उस समय शान्ति यानी उसकी भाभी पर अपना नशा उतार रहा था । छोटे भाई को सामने आते देख बड़े भाई को ऐसा नशा चढ़ा कि वह -'' सालें तू क्यों यहॉ आया बे ।'' कहते हुए उस पर झपट पड़ा। प्रेमू ने उसे जोर का एक धक्का देकर उसे सोफे पर गिरा दिया। हेमू गालियॉ बकते हुए उठकर उस पर जोरदार वार करता कि पड़ोस के दीनदयाल बाबू दौड़ते आ पहुॅचे। सरला ने उन्हें खबर दे दी थी। दीनदयाल बाबू के आने से 'सीज फायर' हो गया । प्रेमचंद बरामदे में आ गया। वहॉ मम्मी पापाजी अनहोनी की आशंका से डरे-डरे बैठे थे। दीनदयाल बाबू ने कहा -भाभी जी । आप मदन भैया को रसोई घर में कुछ में कुछ खिलवाए पिलवाए । में हेमचंद के मंदिर समझाने ले जाता हूॅ। घर में तब शान्ति आ गई। मदन भैया ने रसोई घर में चाय पीते पीते कहा- ''दीनदयाल भाई की जै।'' फिर माधुरी से बोले -हेमू की मॉ । देखो! दशहरा दो अक्टूबर को आने वाला है। तुम हेमू का टीका-वीका मत करना वह बेटा कहने लायक नहीं रहा। दीनदयाल भाई अगर अचानक न आते तो जाने आज क्या काण्ड हो जाता।'' माधुरी ने कहा -''तुम चाहे जो कहो जी ! पर मैं तो हेमू को दशहरा की आरती उतारूंगी और टीका भी करूंगी। आखिर मैं उसकी मॉ हूॅ। बेटा भले कपूत हो जाय मॉ तो हमेशा मॉ रहेगी।'' मदन बाबू चिढ़ उठे - ''अब तुम जानो और तुम्हारा काम। मैं तो चला आराम करने!'' दशहरा की रात नौ बजे के करीब माधुरी अपती सासू मॉ की तरह आंगन में चौक पुरकर पाटा रख कर, आरती टीका की सारी तैयारी कर, तुलसी चबूतरा पर, बेटों की राह देखते बैठी थी । प्रेमचंद उसी समय खुशी -खुशी आ गया। माधुरी ने पूछा -'' हेमू कहॉं है बेटा ! वह नहीं आया। '' प्रेमचंद ने बेफिक्री से कहा- उसका पता नहीं मम्मी ! पी कर कहीं पड़ा होगा। मेरा जल्दी टीका कर दो । माधुरी ने मधुर स्वर में कहा-''जरा रूक जा प्रेम। हेमू बड़ा भाई है। वह भी आता ही होगा।' और आश्चर्य कि उसी समय हेमचंद उत्साहित मन आ पहुॅचा । उसके प्रसन्न मुख को देखते ही मारे आश्चर्य के माधुरी कह उठीं -''हेमू बेटे ! आज तूने...।'' हेमचन्द ने कहा कुलक कर ''हॉं! मैंने आज मालूम मम्मी, शराब की बोतल को नार कन्हैया नाले पर रख कर जै श्री राम जोर से बोल कर पत्थर मार उसे नीचे गिरा दिया । और अपने मन के रावण को मार दिया। जानती हो मम्मी ! जहॉं मन का रावण मरा कि आदमी 'मनुष्य' बना ! अब तुम छोटे भैया के साथ मेरा भी टीका कर दो । वो देखो ! पापाजी और तुम्हारी दोनों बहुए भी चहकतीं आ रहीं हैं।



गिरीश बक्शी

## विचार सरिता

# श्री राम के रावण पर विजय पर्व में अंतर्निहित है, दुष्ट और अन्यायी को पराजित करने की कुंजी



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के लंका कांड में रावण की मृत्यु का वर्णन किया है -

*सायक एक नाभि सर सोषा।*
*अपर लगे भुज सिर करि रोषा॥*
*लै सिर बाहु चले नाराचा।*
*सिर भुज हीन रुंड महि नाचा ॥(102-1)*

इसका अर्थ है, प्रभु श्री राम के एक बाण ने रावण की नाभि के अमृत कुण्डको सोख लिया। दूसरे क्रोधित तीस बाण उसके सिरों और भुजाओं में लगे। इन बाणों ने रावण के सिरों और भुजाओं को उसके शरीर से पृथक कर दिया। रावण का सिरों और भुजाओं से रहित धड़ पृथ्वी पर नाचने लगा।

*डोली भूमि गिरत दसकंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर ॥*
*धरनि परेउ द्वौ खंड बढ़ाई। चापि भालु मर्कट समुदाई ॥(102- 3)*

रावण के गिरते ही पृथ्वी हिल गई। समुद्र, नदियाँ और विभिन्न दिशाओं के हाथी तथा पर्वत क्षुब्ध हो उठे। रावण अपने धड़ के दोनों टुकड़ों को फैलाकर भालू और वानरों के समुदाय को दबाता हुआ पृथ्वी पर गिर पड़ा (और मृत्यु को प्राप्त हो गया।)

आज दशहरा है। यह एक लोक उत्सव है। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक।अन्याय पर न्याय की विजय का साक्षी। यह भगवान राम द्वारा लंकापति रावण को भीषण युद्ध में पराजित करने का दिन है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी भी कहते हैं। देवी नवरात्रि के नौ दिनों की श्रृंखला के बाद का यह दसवां दिन विजय का आशीर्वाद लिए हुए है। स्वयं भगवान राम ने लंका विजय के पूर्व देवी दुर्गा की आराधना की थी।दशहरा प्रभु श्री राम के अनवरत संघर्षों के परिणाम स्वरूप उन्हें प्राप्त हुई सर्वकालिक महानतम ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। आतताई लंकापति रावण के विरुद्ध वानरराज सुग्रीव की सहायता से बनाए गए उनके सफल सैन्य गठजोड़ ने मानव सभ्यता के इतिहास में एक श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत किया था। दशहरे का संदेश है, अत्याचारी विपुल संसाधनों और मायावी तथा आसुरी शक्तियों से संपन्न क्यों ना हो ;सच्चाई की शक्ति, वीरता और साहस से उसे परास्त किया जा सकता है। प्रभु श्री राम अतुलित बल के स्वामी हैं। उनमें धैर्य है। वे संयमी हैं और आवेश में कोई निर्णय लेने के बदले उचित अवसर की प्रतीक्षा करने वाले हैं। वे महान संगठन कर्ता हैं और अपने पक्ष के योद्धाओं की शक्ति का उचित आकलन कर उनसे श्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने वाले महानतम सैन्य नेतृत्वकर्ता हैं। वानर राज सुग्रीव, वीर जांबवंत,वीर हनुमान, कुमार अंगद, नल नील और ऐसे सहस्त्रों वानर यूथपति और वानर सैनिक न्याय और सत्य के पक्ष में खड़े होने के कारण और रावण के विरुद्ध युद्ध में सहायता प्रदान करने के कारण लोक मानस में अमर पात्र के रूप में चिरस्थाई हो गए हैं। श्री राम, माता कैकेई द्वारा मांगे गए वरदान और पिता के वरदान देने की विवशता से उत्पन्न हो रही धर्मसंकट की स्थिति का समाधान करने के लिए राज सिंहासन को ठुकरा कर तत्काल 14 वर्षों के लिए वन के पथ पर चल पड़े थे।उन्होंने बिना किसी संसाधन के एक तरह से शून्य से शुरुआत की थी।उनके साथ थे-उनकी सेवा के लिए हठ कर वन में आए हुए तथा छाया की तरह हर क्षण उनके साथ रहने वाले भ्राता लक्ष्मण जी और प्रभु श्री राम की अर्धांगिनी सीता जी। प्रभु श्री राम ने माता सीता के हरण के पश्चात वानरराज सुग्रीव और महावीर हनुमान की सहायता से रावण के मुकाबले एक कमजोर सी दिखाई दे रही वानरों और भालुओं की सेना का प्रभावी संगठन व सफल नेतृत्व किया। समुद्र पर पुल बांधने का असंभव सा कार्य संभव कर दिखाया और फिर भीषण युद्ध के बाद लंकापति रावण को उसकी ही धरती पर पराजय दी।

विजयादशमी का यह पर्व केवल श्री राम का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह हम जैसे सभी साधारण मनुष्यों के जीवन संघर्ष के कठिन क्षणों में प्रेरणा का अजस्त्र स्रोत है। जब हमारे जीवन में कठिनाइयां उपस्थित होती हैं और कोई समाधान नहीं सूझता है, जब संपूर्ण प्रयासों के बाद भी असफलता हाथ लगती है, तो मन खिन्न और निराश हो उठता है। निराशा के इन क्षणों में प्रभु श्री राम का संघर्ष हमारे लिए प्रेरणा बनकर उपस्थित होता है, जिसकी पराकाष्ठा राक्षसराज रावण पर उनकी विजय है। विजयदशमी सभी तरह के घनघोर अंधेरे के विरुद्ध सत्य और न्याय के पक्ष में, मन में उजाले की एक किरण के सहारे जूझने को तत्पर हो उठने का उत्सव है। आप सभी को विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## कविता

### कुछ बचा नहीं

लुटाने में किया कमी नहीं,
लुटाने को कुछ बचा नहीं।
सब कुछ लुटा कर जिन्दा हूँ,
आज भी मैं वही परिंदा हूँ।
धोखा प्यार का स्वीकारा नहीं,
प्यार भरे उड़ान को भूला नहीं।
प्रेम परीक्षा में सफल हो न सका,
कटुता आत्मसात कर न सका।
सब कुछ लुटा कर जिन्दा हूँ,
आज भी मैं वही परिंदा हूँ।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धी कालोनी
राजनांदगांव

## कविता

### कुप्रवृत्तियां ही दशानन

चलो दशहरा का, पर्व मनाएंगे
सारी कुप्रवृत्तियां हम मिटाएंगे
काम, क्रोध, मद, लोभ सभी को
मोह, माया, मत्सर, गर्व कुविचार
और हिंसा को भी हम त्यागेंगे
तभी हम दशहरा मना पाएंगे
यह कुप्रवृत्तियां ही दशानन है
यही तो सब का बड़ा दुश्मन है
इन्ही दुश्मनों को दूर भगाकर
यह पावन दशहरा पर्व मनायेंगे
सारे बुराइयों से विजय पा कर
सुख-शांति का रामराज्य लाएंगे
चलो राम की जयकारा लगाएंगे
इस धरा में धर्म ध्वजा फहराएंगे
बुराई को धरती से दूर भगाएंगे
और अच्छाई का फूल खिलाएंगे



अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरिनारायण(छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद की आशंका है। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। घर में सामान्य माहौल रहेगा।

**वृष राशि** — भावुकता पर नियंत्रण रखें। सगे-संबंधियों के बीच अपने अनुकूल अपेक्षा न रखें। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंताएं रहेंगी। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी। रोजगार में लाभ के आसार हैं।

**मिथुन** — मन में कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं नकारात्मक विचार ला सकती हैं। संघर्ष के क्षणों में कुछ अच्छे आसारों से मन में प्रसन्नता संभव।

**कर्क** — भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी। मन कुछ घरेलू चिंताओं से मन ग्रसित रहेगा।

**सिंह** — किसी पुराने संबंधी के साथ निकटता बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**कन्या** — भौतिक आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। सगे-संबंधों मं व्यवहार कुशल बनें। कुछ नई अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**तुला** — दुविधाओं को त्योग स्वच्छ योजनाओं पर केंद्रित हों। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह मिलेगा। सगे-संबंधियों से अपेक्षाएं रखना कष्टप्रद होगा। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** — निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनु** — नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे। दूसरों की सफलता देख अपने अंदर हीनता न आने दें। दुनियादारी में समय देने से अच्छा होगा कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें।

**मकर** — भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों की समयानुकूल पूर्ति करने में सक्षम होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कुंभ** — कुछ नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था में मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**मीन** — भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय संभव। राजनीतिज्ञों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी, लेकिन सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। जीवन साथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।




भोपाल: भगवान हनुमान के वेश में गरबा महोत्सव में शामिल हुआ कलाकार।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर खैरागढ़ में वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित



**वृद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यंत्र, बैशाखी, छड़ी सहित अन्य उपकारण किए गए वितरित**

खैरागढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर खैरागढ़ के सांस्कृतिक भवन में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण अंचल से आए वृद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का शाल, श्रीफल एवं उपयोगी उपकरण भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जहां आयुष्मान व वंदना कार्ड बनाने के साथ ही वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर वृद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यंत्र, बैशाखी, छड़ी सहित अन्य उपकारणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने संबोधित किया।

उन्होंने जीवनभर परिश्रम कर परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके जीवन के अनुभव और संस्कार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आगे कहा कि वरिष्ठजनों का आशीर्वाद ही हमारे समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। युवा पीढ़ी को उनके अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। आभार प्रदर्शन संयुक्त कलेक्टर सुमन राज ने किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष छुईखदान पुष्पा प्रकाश वर्मा, समाजसेवी बिशेसर दास साहू, खम्मन ताम्रकार, घम्मन साहू, शैलेन्द्र त्रिपाठी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टंकेश्वर प्रसाद साहू खैरागढ़, बीएमओ खैरागढ़ डॉ. विवेक बिसेन, रामअवतार साहू, राकेश कुमार साहू, हेमंत टंडन, अनिल साहू, नवीन ठाकुर सहित नगर एवं ग्रामीण अंचल से आए वृद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहें।

## मोदी की गारंटी, विष्णु का सुशासनः हर गरीब के सर पर होगी पक्की छत



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दैहान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की हितग्राही श्रीमती हेमन सिन्हा के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर किरण रविन्द्र वैष्णव ने केंद्र और राज्य सरकार की आवास नीति की सराहना की। इस अवसर पर किरण वैष्णव ने कहा कि हर गरीब परिवार के सर पर पक्की छत हो, यही है मोदी जी की गारंटी व विष्णु का सुशासन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से देश भर में लाखों परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है कि हर पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक जीवन और पक्का आवास जरूर मिले। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत सदस्य बालमुकुंद कुंजाम और शिकारीमाहका सोसायटी अध्यक्ष विमला सिन्हा ने भी इस पहल को सराहा। किरण वैष्णव ने अंत में कहा कि यह सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि गरीबों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की पहचान है।

# खैरागढ़ में धूमधाम से मनेगा दशहरा उत्सव : 51 फीट के रावण का होगा दहन



खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ में इस वर्ष भी दशहरा उत्सव पूरी परंपरा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ एवं नगर दशहरा उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 2 अक्टूबर की संध्या को भव्य आयोजन किया गया है। मुख्य कार्यक्रमों की शुरुआत शाम 7 बजे बांके बिहारी मंदिर परिसर में होगी। यहां मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष नगरवासी और अतिथि पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होंगे। पूजा के पश्चात मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करेगी।

### शोभायात्रा में विशेष आकर्षण

शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों के साथ-साथ सुसज्जित घोड़ा-बग्गी, डीजे पर रामधुन और पारंपरिक लोक नृत्यों का समावेश होगा। पंथी नृत्य और राउत नाचा इस दौरान आकर्षण का केंद्र होंगे।

### रावण भाटा मैदान में होगा पुतला दहन

नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा अंततः इतवारी बाजार स्थित रावण भाटा मैदान पहुंचेगी। यहां परंपरा अनुसार, 51 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यह रावण वध का कार्यक्रम रात्रि लगभग 10 बजे संपन्न होगा। जिसके साथ ही विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। समिति ने नगरवासियों से इस ऐतिहासिक पर्व में बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### आज भव्य आतिशबाजी के साथ बेलगांव में दशहरा उत्सव



**स्व. राजा शंकर बहादुर सिंह के पूर्वजों द्वारा स्थापित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर से निकलेगा भगवान का डोला**

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायतों में से एक ग्राम बेलगांव में आज (विजयदशमी के दिन) भव्य आतिशबाजी के साथ पारंपरिक दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। ग्राम प्रमुख दीनेतू जांगड़े ने बताया कि स्वर्गीय राजा शंकर बहादुर सिंह के पूर्वजों द्वारा स्थापित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर से शाम 4 बजे भगवान का डोला निकलेगा। भगवान के इस डोले के साथ राम, लक्ष्मण, हनुमान तथा राम सेना भी शामिल होगी। श्रीराम के वीरता का गुणगान करते हुए और श्रीराम-लक्ष्मण की जय के जयकारों के साथ डोला पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बाजार चौक पहुंचेगा।

#### राम-रावण युद्ध और रावण दहन

बाजार चौक पर रामधुनी पार्टी द्वारा राम कथा का वर्णन किया जाएगा, जिसके बाद राम-रावण युद्ध का प्रदर्शन होगा। तत्पश्चात परंपरा के अनुसार 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यह वार्षिक रावण दहन कार्यक्रम गांव की एक पुरानी परंपरा है। इस भव्य उत्सव को मनाने के लिए गांव के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में बेलगांव पहुंचते हैं।


### आज महावीर मंदिर परिसर में विजयादशमी उत्सव व शस्त्र पूजन



डोंगरगढ़ (दावा)। विजयादशमी उत्सव (शस्त्र पूजन) का आयोजन आज महावीर मंदिर प्रांगण महावीर पारा डोंगरगढ़ में आज सुबह 9 बजे आयोजित किया गया है। नगर कार्यवाह जिज्ञासु टांक द्वारा संघ परिवार की ओर से निवेदन किया गया है कि जिनके पास पूर्ण गणवेश वे सभी गणवेश में आने की कृपा करे और जिनके पास गणवेश नहीं है वे शुभ्र वस्त्र में अपनी उपस्थिति देवे।

दशहरा पर्व पर शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इस समय शस्त्रों को साफ करके इनका पूजन किया जा सकता है। आपको बता दें कि भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले शस्त्र पूजन किया था, तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

### कल अछोली में रावण दहन, होगा भव्य आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली में श्रीश्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली के तत्वधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्कूल मैदान में 3 अक्टूबर शुक्रवार को रावण दहन का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर भण्डारपुर (भोथली) रामलीला मंडली के रंगारंग रामलीला का आयोजन के साथ रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं।

### आज सांगिनकछार में महाप्रसादी



आसरा (दावा)। नवदुर्गा उत्सव समिति सांगिनकछार एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 2 अक्टूबर गुरुवार को महाप्रासदी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा है कि आप सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करे।

# विश्व नदी दिवस पर डोंगरगढ़ स्थित डंगोरा डेम स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान की शुरुआत





**सभी ने मिलकर नदी-नालों को प्रदूषण मुक्त रखने और प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संकल्प लिया**

डोंगरगढ़ (दावा)।28 सितंबर को विश्व नदी दिवस के उपलक्ष्य में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डंगोरा डैम स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य नदी संरक्षण, जलस्रोतों की शुद्धता और पर्यावरण संतुलन के प्रति ग्रामीणों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान समर्थ ट्रस्ट की संपूर्ण टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट एचआरडीपी प्रोजेक्ट मैनेजर भाया सिंग झारे, नंदलाल साहू, एसएमएस सुरेश गोस्वामी तथा एमआईएस एक्सपर्ट प्रिया आनंद 15 ग्राम के सीआरपी और सरपंच तथा जागरूक लोगों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने मिलकर डंगोरा डैम के किनारे व्यापक सफाई अभियान चलाया। प्लास्टिक, कचरा और अन्य अपशिष्ट हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि नदी केवल जल का स्त्रोत नहीं, बल्कि संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का आधार है। यदि हम इसे प्रदूषित होने से रोकेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ जल उपलब्ध होगा। मौके पर सभी ने मिलकर नदी-नालों को प्रदूषण मुक्त रखने और प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संकल्प लिया।यह अभियान न केवल सफाई तक सीमित रहा। बल्कि सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने का भी एक सफल प्रयास बना। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट और एचडीएफसी बैंक का यह संयुक्त प्रयास स्थानीय नागरिकों को प्रकृति संरक्षण की दिशा में निरंतर पहल करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा पंडालों के आसपास असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए खैरागढ़ पुलिस ने एक युवक को चाकू लहराते हुए आम जनता को डराने-धमकाने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया है। यह घटना पिपरिया स्कूल भवन के पास हुई, जहाँ आरोपी युवक आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली उन्होंने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से लोहे का एक बड़ा चाकू बरामद हुआ। जब पुलिस ने चाकू रखने का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जितेन्द्र वर्मा (उम्र 21 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 1 पिपरिया, खैरागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 457/2025, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार युवक को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# उपद्रव फैलाने वाले 7 व्यक्तियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई





खैरागढ़ (दावा)। शहर में नवरात्रि और दशहरा पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से खैरागढ़ पुलिस ने उपद्रव एवं अशांति फैलाने वाले 7 व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है।

शहर के ईतवारी बाजार, बस स्टैण्ड, गोलबाजार, दाऊ चौरा, और खम्हरिया जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कुछ असामाजिक तत्व डेरा डालकर बैठे थे और वहाँ से आने-जाने वाले लोगों के साथ वाद-विवाद एवं गाली-गलौच कर रहे थे। पुलिस दल के मौके पर पहुँचने पर, आरोपी भागने लगे। मौके पर मौजूद नागरिकों और पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने किसी भी प्रकार की समझाइश मानने से इंकार कर दिया। सभी 7 आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को एसडीएम खैरागढ़ के समक्ष न्यायिक विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अमन मारकण्डे (उम्र 21 वर्ष) वार्ड क्रमांक 20 खम्हरिया, लक्की यादव उर्फ लक्ष्य यादव (उम्र 19 वर्ष) वार्ड क्रमांक 5 ठाकुरपारा, गजेन्द्र पटेल (उम्र 21 वर्ष) वार्ड क्रमांक 5 ठाकुरपारा, शुभम यादव (उम्र 25 वर्ष) वार्ड क्रमांक 5 ठाकुरपारा, राजा सारथी उर्फ चंदन (उम्र 27 साल) निवासी वार्ड नं. 17 दाऊचौरा, ऋषभ सरथी (उम्र 25 साल) वार्ड नं. 17 दाऊचौरा, कृष्णा नेताम उर्फ गोलू (उम्र 23 साल) निवासी वार्ड नं. 11 धरमपुरा आदि को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह कार्रवाई त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए की है।

# छबिलराम साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी घनश्याम साहू को मिली



**बेलगांव परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न**

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)।ग्राम पंचायत बेलगांव के पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता छबील राम साहू, बेलगांव परिक्षेत्र साहू समाज के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए है।गत दिनों बेलगांव परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन सामुदायिक कर्मा भवन में संपन्न हुआ।जिसमें बेलगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ।

परिक्षेत्र के 13 ग्रामों के सामाजिक जनों की उपस्थिति में हुए चुनाव में ग्राम पंचायत बेलगांव के पूर्व सरपंच छबिल राम साहू सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच नंद साहू ने भी दावेदारी पेश की थी। किंतु निर्वाचन वाले दिन ही उनका एक्सीडेंट हो जाने के कारण वे चुनाव में भाग नहीं ले सके। निर्वाचन में सभी पदाधिकारियों का चुनाव भी निर्विरोध किया गया।

तहसील साहू समाज के अध्यक्ष हंसराज साहू एवं तहसील साहू संघ से नियुक्त निर्वाचन अधिकारी ईश्वर साहू, तोषदास साहू, मंथिर साहू, अशोक साहू की उपस्थिति में तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ एवं प्रदेश साहू संघ के निर्विरोध नव निर्वाचित अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू के आव्हान पर बेलगांव परिक्षेत्र से 13 ग्रामों के ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीण पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। जिसमें से विभिन्न पदों पर निर्विरोध पदाधिकारीगण में छबिल राम साहू बेलगांव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष घनश्याम साहू अछोली, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रेखाबाई साहू जामरी, संगठन सचिव गोपाल साहू करवारी, महिला संगठन सचिव ईश्वरी साहू माड़ीतराई, कोषाध्यक्ष रामकुमार सारी माड़ीतराई, सचिव ओमप्रकाश साहू बेलगांव शामिल हैं। बेलगांव परिक्षेत्र साहू समाज के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर श्री साहू को बेलगांव के सरपंच कौशल चंद्रवंशी, उपसरपंच योगेश साहू, जिला कांग्रेस के महामंत्री नेतराम साहू, ग्राम प्रमुख दिनेतू जांगड़े, मुरली गेडाम, धरमचंद्र वर्मा, प्रकाश अग्रवाल सहित सभी मित्र एवं सामाजिक गनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# भूपेश बघेल से की मुलाकात, मिशन संडे टीम ने नगर पालिका चुनाव से पहले संगठनात्मक मजबूती की मांग



खैरागढ़ (दावा)।कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता के मुद्दों को उठाने वाली मिशन संडे टीम ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की।संयोजक मनराखन देवांगन केनेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज और शेखर दास वैष्णव शामिल थे।टीम ने बघेल को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और पिछले डेढ़ साल से चल रहे संघर्ष की विस्तृत जानकारी दी।

### स्थानीय मुद्दों पर संघर्ष

टीम ने बताया कि विधायक यशोदा निलांबर वर्मा के निर्देशन में गठित मिशन संडे ने सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सफाई जैसे स्थानीय मुद्दों पर लगातार आंदोलन किए हैं। जिनसे अब तक 60 प्रतिशत तक सफलता मिली है। साथ ही भाजपा सरकार की गलत नीतियों और विभागीय भ्रष्टाचार के खिलाफ भी टीम सक्रिय रूप से लड़ाई लड़ रही है।

### बघेल से विस्तार से चर्चा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान संगठनात्मक ढांचे, आगामी नगर पालिका चुनाव की रणनीति और जनता के मुद्दों को और तेजी से उठाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। बघेल ने मिशन संडे टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनता की आवाज को उठाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने विधायक यशोदा वर्मा के प्रयासों को भी प्रेरणादायी बताया और मिशन संडे टीम को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

### संगठनात्मक मजबूती की जरूरत

इस मौके पर संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि नगर पालिका चुनाव नजदीक हैं, इसलिए ब्लॉक और शहर स्तर पर संगठन का गठन एवं नियुक्तियां शीघ्र की जाएं, ताकि कांग्रेस भाजपा का मजबूती से मुकाबला कर सके।

## पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय के छात्रों का कबड्डी में चयन



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल संघ द्वारा पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता हेतु पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनादगांव के तीन छात्रों का चयन हुआ।

जिनके नाम महेंद्र कुमार/लखन लाल बारले, उमेश कुमार नेताम/खुमान नेताम, टिकेश्वर कुमार राणा/गंगाराम राणा जो दिनांक 6 से 9 अक्टूबर को आयोजन डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा बिलासपुर में आयोजित होना है। इस चयन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 70 छात्रों में से 14 छात्रों का चयन हुआ है। उनका प्रशिक्षण इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 1 से 5 अक्टूबर तक प्रशिक्षण होगा यह छात्र आई.जी.के.वी. के टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी छात्रों को पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन खेल प्रभारी डॉ. अभय बिसेन, खेल प्रशिक्षक नवीन कुमार एवं समस्त प्राध्यापक, स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आम आदमी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न: जनसमस्याओं पर जोरदार आवाज




राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक 28 सितंबर रविवार को दोपहर 3 बजे स्टेशन पारा शनि मंदिर के पास संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सोनी ने किया। वहीं कार्यक्रम में जिला प्रभारी श्याम मूर्ति नायडू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव चंद्रमणि वर्मा, पूजा गुप्ता, सलमा बेगम, विद्या तिरपुरे, सूरज डोंगरे, कल्पना बंछोर, प्रतिष्ठा मचखंड मखियार, समाज की अध्यक्ष श्रीमति बबीता कुलदीप सहित जिले एवं लोकसभा क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पार्टी के उद्देश्यों को मजबूती प्रदान की और एकजुट होकर संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर आम जनता ने अपनी समस्याओं को रखा और उन पर चर्चा की गई। जिसमें स्टेशन पारा क्षेत्र में पुलिस चौकी की मांग की गई। राजेंद्र प्रसाद वार्ड में सीसी रोड निर्माण तथा रेलवे क्रॉसिंग से लेकर खैरागढ़ रोड तक चौड़ीकरण एवं चिखली ब्रिज का नवनिर्माण किए जाने पर जोर दिया गया। चौक में लगे सीसीटीवी कैमरा कई जमाने से बंद है और क्षेत्र की जर्जर सड़कों एवं आवारा पशुओं की समस्या से जनता को मिल रही परेशानी पर चिंता जताई गई। बिजली बिलों की बढ़ती मार से आम जनता की त्रस्त की स्थिति पर चर्चा हुई। नशे के कारण बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए नशे के कारोबार पर सख्त पाबंदी लगाने की मांग रखी गई। शंकरपुर नाला में निकासी नहीं होने से वार्डवासियों की परेशानी और स्टेशन पारा में हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस बैठक में राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सोनी एवं डोंगरगढ़ प्रभारी चंद्रमणि वर्मा ने स्पष्ट कहा कि आम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएगी। जनहित के मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। बैठक का समापन कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण नारों और संकल्प के साथ हुआ कि मिलकर आम आदमी पार्टी को जिले में और मजबूत बनाया जाएगा।

## जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने गोधाम योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार घुमन्तु पशुओं के आश्रय के लिये गौधाम योजना प्रारंभ की गई है। जिसके लिये निर्धारित प्रपत्र में स्वयंसेवी संस्था एवं अन्य पंजीकृत समितियों द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। गौधाम का संचालन शासकीय रिक्त भूखण्ड अथवा बंद पड़े गौठानों का उपयोग किया जा सकता है जिसमें लगभग 200 पशुओं को रखने की व्यवस्था हो। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, आदि कर्मयोगी, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों के संबंध में समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारियों सहित वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जनपद पंचायतों के सीईओ एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मोखला परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष राहुल साहू बने



राजनांदगांव (दावा)। तहसील साहू संघ राजनांदगांव के अंतर्गत मोखला परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तहसील साहू संघ राजनांदगांव से चुनाव पर्यवेक्षक चंद्रशेखर साहू,चुनाव अधिकारी तिलक राम साहू, गिरीश साहू, श्रीमती तेजेश्वरी साहू की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें अध्यक्ष राहुल साहू बूचीभरदा उपाध्यक्ष लखन लाल साहू मोखला, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती गायत्री साहू आरला, संगठन सचिव त्रिलोक साहू आरला, संगठन सचिव महिला श्रीमती संगीता साहू मोखला अध्यक्ष द्वारा दीपक साहू जंगलेसर को कोषाध्यक्ष एवं सचिव भूपेश कुमार साहू बुचीभरदा को मनोनीत किया गया।

## भाजपा मंडल नर्मदा के पदाधिकारियों की घोषणा की

गंडई पंडरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति से बुधवार को भाजपा मंडल नर्मदा के मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल की घोषणा चार माह पहले ही की जा चूकी थी, किन्तु शेष पदाधिकारियों की घोषणा की सभी को प्रतीक्षा थी। जिसे बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू ने घोषणा की। मंडल पदाधिकारी इस प्रकार है अध्यक्ष आनंद पटेल, चार उपाध्यक्ष रमेश जंघेल, ललिता मानिकपुरी, प्रेमलाल वर्मा व बह्नु जंघेल, इसी प्रकार दो महामंत्री भीखू हिरवानी व खेलन वर्मा, कोषाध्यक्ष अमर सिंह मंडावी, चार मंत्री दिलेश्वर अंचित, संगीता जंघेल, संतोषी पटेल व माधुरी जंघेल, मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अवधेश मिश्रा को दी गई है।

विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष इस प्रकार है-पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संतन साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलराम जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष इंद्राणी वर्मा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष रामप्रसाद मरावी को बनाया गया हैं।

# 'नि:शस्त्र अहिंसा की शक्ति किसी भी परिस्थिति में सशस्त्र शक्ति से सर्वश्रेष्ठ होगी'



**थंगेश्वर कुमार साहू**

महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 गुजरात के पोरबंदर में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था पिता का नाम करमचंद गांधी व माता का नाम पुतलीबाई था । आप चार भाई बहनों में सबसे छोटे थे। बचपन में आपको मोनी कहकर बुलाते थे। पत्नी का नाम कस्तूरबा गांधी थी।आपके चार पुत्र हरिलाल, मणिलाल, रामदास एवं देवदास थे। आप एक वकील, राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, नीति शास्त्री, उपनिवेशवाद और लेखक भी थे जो ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेता बने। प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को देशभर में गांधी जी की जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है।

गांधी जी के सिद्धांत - सत्य, अहिंसा, स्वराज, ब्रह्मचर्य, स्वदेशी, निवारण एवं असपृशयता

गांधी जी के गुरु

महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे। गोखले ने गांधी जी को भारत की वास्तविक स्थिति से परिचित कराया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने गांधी जी को सलाह दी थी कि वह भारत को जानने के लिए पूरे देश का यात्रा करें। गोखले एक भारतीय राजनीतिक नेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उनकी सत्य निष्ठा, सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और वाणी की शक्ति अतुलनीय थी।

गांधी युग कब से कब तक

गांधी युग भारतीय इतिहास का वह दौर था जो 1919 से 1947 तक चला, जब महात्मा गांधी के नेतृत्व और उनके सत्य अहिंसा तथा सत्याग्रह के सिद्धांतों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में केंद्रीय भूमिका निभाई। इस अवधि में गांधी जी ने कई आंदोलन का नेतृत्व किया था।



गांधी जी के प्रमुख आंदोलन

चंपारण आंदोलन 1917 बिहार के किसानों की समस्याओं के लिए चलाया गया था। अहमदाबाद मिल मजदूर योजना 1918 मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। खेड़ा सत्याग्रह 1918 किसानों की लगान माफी के लिए संघर्ष किया गया था। खिलाफत आंदोलन 1919 मुस्लिम समुदाय से जुड़ा एक आंदोलन था। असहयोग आंदोलन 1920 से 1922 विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए आंदोलन चलाया गया था। सविनय अवज्ञा आंदोलन 1930 नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च के साथ शुरू हुआ एक बड़ा जन आंदोलन था। भारत छोड़ो आंदोलन 1942 भारत को तुरंत आजादी दिलाने के उद्देश्य से चलाया गया एक निर्णायक आंदोलन था।

2 अक्टूबर को छुट्टी का कारण

स्मरणोत्सव गांधी जयंती प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को मनाई जाती है और भारत के सभी राज्यों एवं क्षेत्र में मनाई जाती है। यह पूरे भारत में प्रार्थना, सेवाओं और श्रद्धांजलि के साथ चिन्हित है। जिसमें नई दिल्ली में गांधी के स्मारक राजघाट भी शामिल है जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया था।

गांधी जयंती का अर्थ

गांधी जयंती के अवसर पर दो शब्द हैं सत्य और अहिंसा जो महात्मा गांधी के जीवन दर्शन और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल सिद्धांत थे। यह दो शब्द राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों, मूल्यों और देश की आजादी के लिए उनके संघर्ष का प्रतिनिधित्व करते है ।

गांधी जी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता से संबोधन

गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता के रूप में संबोधित करने का श्रेय सुभाष चंद्र बोस को जाता है। उन्होंने 4 जून 1944 को सिंगापुर रेडियो से एक संदेश में गांधी जी को राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था।

गांधी जी के सच्चे शिष्य

गांधी जी के सच्चे शिष्य लाल बहादुर शास्त्री जी थे । शास्त्री जी को भारत के महापुरुषों में माने जाते है,वह भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री बने थे।

गांधी जी की पुस्तकें

हिंद स्वराज 1909 ,सत्य के प्रयोग जिसमें गांधी जी की आत्मकथा है। पत्रिका नवजीवन एवं यंग इंडिया और दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह प्रमुख पुस्तकें है।

गांधी जी का नारा

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 8 अगस्त 1942 को दिया गया नारा करो या मरो उनका प्रसिद्ध नारा था। इस नारे ने स्वतंत्रता के लिए भारत के अंतिम संघर्ष का आह्वान किया था।

महात्मा गांधी मनरेगा योजना

मनरेगा का पूरा नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम है। यह एक भारतीय सामाजिक कल्याणकारी योजना है। जिनका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को काम का अधिकार देकर उनकी आजीविका सुरक्षा बढ़ाना है।

स्वच्छता पर गांधी जी का जोर

महात्मा गांधी ने स्वच्छता को आजादी से बढ़कर महत्वपूर्ण बताया और स्वच्छता को एक जीवन शैली व आंतरिक शुचिता से जोड़ा ।उनका मानना था कि स्वच्छ वातावरण ही एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने स्वयं स्वच्छता को अपनाया, आश्रमों में शौचालय बनवाए और उनकी सफाई भी की ताकि दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। यह अभियान 2 अक्टूबर 2014 से प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वच्छता जरूरी है और स्वच्छता न केवल एक जैविक आवश्यकता है बल्कि सत्य की अनुभूति का भी अंग है। गांधी जी ने स्वच्छ भारत की अवधारणा के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता कूड़ा प्रबंधन और नदियों को साफ सफाई रखने पर जोर दिया।

'व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है, और वह जो सोचता है वही बन जाता है।'

**साहित्यकार, राजनांदगांव**

# रावण जी का घर आगमन



**राकेश ठाकुर**



दशहरा के दिन ब्रम्हमहुर्त में घर के मुख्य द्वार की घण्टी बजने लगी श्रीमती जी ने द्वार का पट खोला एवं तुरंत अंदर आकर मुझे झगझोरते हुए नींद से उठाने लगी। मै अनमना से बिस्तर पर उठ बैठा वे कहने लगी देखो कोई बाबा फिर इतनी सुबह दरवाजे पर खड़े है। मै उठकर दरवाजे के पास पहुंचा और सामने बाबा जी का दर्शन कर सांष्टांग प्रमाण किया और कहने लगा-अचानक इस तरफ बिना कोई सूचना दिये, ना मोबाईल, ना व्हाटएप्प के जारिए, उन्होंने मुझे मुस्कुराते हुए रूकने का ईशारा करते हुए कहा कोविड काल से आज तक तुमसे मुलाकात नहीं हुई थी बार बार मै तुम्हे और तुम्हारे देश को याद करता रहा हूँ। मैने उन्हे तुरंत अंदर बुलाकर सोफे पर बैठाया। हाथ मुंह धोकर मै वापस बैठक में आया एवं गर्मा-गर्म चाय की चुस्की के साथ बातचीत का सिलसिला शुरू किया। उन्होने सबसे पहले किकेट मे हो रहे 'हैण्डशेक' के बारे में पूछने लगे क्या हाथ मिलाने से दिल मिलता है? और फिर वो पडोसी मंत्री बड़ी बेशर्मी से ट्रॉफी देने के लिए अड़ा रहा खड़ा रहा है, बडी विचित्र हास्यपद स्थिति है कि, हारने वाला ट्रॉफी देने के लिए अड़ा रहे और जीतने वाला लेने को तैयार नही, भई ऐसे बेज्जती तो हमने हमारे जमाने मे भी कभी नही देखी। मैं इस 'जनरेशन-जी' भारतीय किकेट टीम को बधाई देता हूँ। मैने सुना है कि, वहां (पाकिस्तान) आज भी सन् 1965, 1971 एवं कारगिल की लड़ाई में अपने को विजेता बताकर स्कूल में पढ़ा रहे है। आज तो नेट एवं गूगल का जमाना है, जिससे सारी दुनिया एवं पाकिस्तानी जान चुके है। अच्छा हुआ कि, फाइनल मैच मे कैमरे लगे हुए थे और सारी दुनिया देख रही थी, वरना ये भी कहने मे शर्म नही करते कि, फायनल भी हमने जीता है। जैसे ऑपरेशन सिन्दूर के बारे मे कहते है और इसे कहते है. ट्रॉफी चोर। लगता है बंटवारे के समय सारी बुराईयां एवं आतंकी स्वभाव पाकिस्तान ने ले लिया है। इतनी पिटाई के बावजूद आज भी बड़बोलापन नही गया है। ऑपरेशन सिंदूर लगातार जारी रहना चाहिए। सिंदूर का रंग सिर्फ लाल होता है और भारतीय सेना आतंकियों एवं उनके आकाओं को खून के आंसू रुलाये है। इसमे राजनीति नही होनी चाहिए, मुझे उनकी बाते सुनकर लगा वास्तव मे दशमुख जी विद्वान एवं दार्शनिक है। फिर बात को आगे बढ़ाते हुए दशानंद जी पुनः कहने लगे-अरे वो पल में तोला, पल मे मासा वाला भूरा काका आज कल खुब समझौते करवाने का डींग हाकता फिर रहा है, कोई तो उसे नोबल पुरस्कार दे दो भाई। उसकी बाते सुनकर गजनी फिल्म की याद आती है, जहां फिल्म के हीरो का मेमोरी लॉस होता है और फिर वापस मेमोरी आ जाता है। इस फिल्म को मैने अपने लोक मे देखी है। लगता है पति पत्नी के झगडे को सुलझाने में वो ज्यादा बहेतर रहेंगे। कछ देर रूककर पुनः धारा प्रवाह बात करने लगे अरे मै तो सिर्फ बाहर की बाते कर रहा हूँ, यह बात बातओं कि, एस.आई.आर का क्या लफड़ा है भाई, क्या बला है? आज पूरे देश मे यही चर्चा मे है, उनकी सामान्य बोली एवं अंदाज मे इस तरह बाते सुनकर मुझे अच्छा लग रहा था। मैने उन्हे समझाते हुए कहा, रावण जी ये चुनाव पूर्व मतदाता सूची का एक प्रकार से पुनःरीक्षण है, तभी उन्होने बात काटते हुए कहने लगे हमारे वंशज भी यहा पहले से, घुसपैठ कर चुके है, उन सब का राशन कार्ड मतदाता पत्र भी बन चुका है, मै उन्हे पुनः समझाने का प्रयास करते हुए कहने लगा दशानन्द महाराज जी, आज हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट है यहां जनता सरकार चुनती है, तभी उन्होंने तपाक से पूछा- फिर ये वोट चोरी कैसे हो जाती है? मै चुप रहा वे मुस्कुराकर कहने लगे तुम भी शायद चुनाव लड़े हो ऐसा सुना हूँ, रामजी के प्राण प्रतिष्ठा (जन्मोत्सव) में दीपोत्सव की अनुमति नही मिलने के कारण पर आज तो 2 अक्टूबर है, जहां आज पूज्य बापू जी का जन्मदिवस है और मेरा मरण दिवस पर मै देख रहा हूँ कि मेरे मरण (वध) के कार्यकम का बहुत ज्यादा खर्च कर शान-ओ-शौकत एवं भव्य आतिशबाजी के साथ मनाने की खूब तैयारी चल रही है। मानो मेरा मरण नही वरन् जन्मदिवस हो। राष्ट्रपिता के जन्म दिन पर कुछ कार्यकम है कि नही, या सिर्फ पुष्पांजलि? मैने कहां इस अवसर पर देशभर मे स्वच्छता का कार्यकम चल रहा है, वे कहने लगे आह यानि सरकारी कार्यकम क्यो समाज ऐसे कार्यकम मे बढ़-चढ़के हिस्सा नही लेते वास्तव मे सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। मै उनकी बातो को सुनकर चुप था, फिर उन्होने मुझे पूछकारते हुए धीरे से पूछा शहर की साफ सफाई पानी बिजली सड़क सब ठीक है ना? क्योकि मै हिचखोले खाते हुए यहा पहुंचा हूँ। मैने अपना सिर हिलाया वे कहने लगे 'समझ गया' पुनः फिर से कहने लगे अखबारों में आज कल चाकूबाजी की घटनाएं पढ़ने को मिलती है, लगता है तुम्हारा संस्कारधानी अपराधधानी बनने की ओर अग्रसर है। तुम सब लोग मिलकर इस पर भी कुछ क्यो नही करते, मैने फिर से अपना सिर हिलाया वे कहने लगे 'अब मै पूरी तरह से समझ गया।' यह कहते हुए अचानक उठकर जाने लगे वे बोले अभी मुझे सभी जगह मुआयना करना है, अलग अलग जगह पर मेरा पतला दहन हो रहा है, चलकर देखें, आज के दौर में कही मेरा रूप रंग ही ना बदल दिया गया हो। ए.आई. का जमाना है, शायद मैं अपने आप को ना पहचान पाउं वैसे सभी को गांधी जयंती के अवसर पर खुब खुब बधाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादूर शास्त्री जी को सादर नमन और हां एक बात अवश्य बताना चाहूंगा कि, ये भारत के 'जनरेशन-जी' है जो सिर्फ राष्ट्र निर्माण एवं विकास के सृजन मे लगे हुए है, ना कि, पड़ोसी देश की तरह आंदोलन के नाम पर तोड़फोड एवं हिंसा में लिप्त है, मेरा इन न्यू जनरेशन को आर्शीवाद। इतना कहकर वे उठकर चल दिये। जाते जाते कहने लगे राजनांदगाँव का पोहा आज भी मुझे पसंद है।

(अधिवक्ता), मो.नं.-9300492489

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**दिवाली से पहले किसानों को मोदी सरकार.....**

समर्थन मूल्य में यह बढ़ोतरी किसानों के लिए राहत की खबर है। बढ़े हुए भाव से उनकी आय में सुधार की उम्मीद है। परंतु किसानों को बड़ी परेशानी खरीद प्रक्रिया में व्यवधान और समय पर भुगतान नहीं होने से होती है। इस मोर्चे को दुरुस्त कर खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने की जरूरत है।

**मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले: शिक्षा.....**

रुपये खर्च होंगे। यह कदम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचाने के लिए उठाया गया है। चड्कूस देश के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में से हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम (तीसरा चरण) के लिए 1,500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड (86 किमी) को चार लेन बनाने के लिए 6,957 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 34 किमी लंबा एलिवेटेड वायाडक्ट भी शामिल है। यह पर्यावरण संरक्षण के साथ कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। कैबिनेट ने वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाने को मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। 2025-26 से 2030-31 तक दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दलहन मिशन से 2030-31 तक उत्पादन 350 लाख टन तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने रबी सीजन 2026-27 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी।अनुमानित 297 लाख मीट्रिक टन की खरीद पर किसानों को 84,263 करोड़ रुपये का भुगतान होगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और कृषि क्षेत्र मजबूत होगा।

**कोयला घोटाले में ईडी ने राज्य सरकार....**

तक कई ऑफिसर जैसे- सौम्या चौरसिया, अनिल टूटेजा और सूर्यकांत तिवारी, आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू आदि गिरफ्तार हो चुके हैं। राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की करीबी और उनकी ओएसडी रहीं सौम्या चौरसिया को ईडी ने दिसंबर 2022 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट ने सौम्या को अंतरिम जमानत दे दी थी। साल 2010 बैच की आईएएस रानू साहू को जुलाई 2023 में गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। दूसरी समीर विश्नोई और अनिल टूटेजा जेल से रिहा हो चुके हैं। इस केस में कई आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। हालांकि जांच जारी है। इस मामले के मुख्य आरोपी कारोबारी सूर्यकांत तिवारी माने जाते हैं। अब इस मामले में जांच और कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दूसरी ओर राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी रिटायर हो चुके हैं। नये मुख्य सचिव विकासशील ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस खत के बाद आगामी दिनों में बड़े स्तर पर कार्रवाई हो सकती है। यदि ऐसा हुआ, तो प्रदेश के ब्यूरोक्रेसी और सियासत दोनों में खलबली मच सकती है।

# सीएम ने ली सचिवों और विभागाध्यक्षों की मैराथन बैठक: बोले- ई-ऑफिस प्रणाली से शासन के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने महानदी भवन में विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों को विभागीय समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सीएम श्री साय ने उच्च स्तरीय बैठक में पूंजीगत व्यय में तेजी, शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की सराहना की और अधिकारियों को स्व-मूल्यांकन कर सुधार लाने के लिए कहा।

### ई-ऑफिस प्रणाली से कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी

सीएम श्री साय ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से शासन के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी है और इससे सुशासन का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि लगभग सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। शेष विभाग दिसंबर 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से लागू करें। मुख्यमंत्री ने सुगम आवागमन के लिए सड़कों के सुधार और रखरखाव पर विशेष बल दिया। साथ ही, जेम पोर्टल से होने वाली शासकीय खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### शीघ्र जारी हों स्वीकृत कार्यों के टेंडर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय से राज्य की आधारभूत संरचना मज़बूत होती है और दीर्घकालिक विकास की नींव पड़ती है। उन्होंने कम पूंजीगत व्यय वाले विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक प्रावधान किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में प्रावधानित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति समय पर दी जाए, स्वीकृत कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी हों और बिना विलंब कार्य प्रारंभ हो। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के सभी कार्य जनता के हित से सीधे जुड़े हैं, इसलिए इन्हें समय पर पूरा करना आवश्यक है। जिन विभागों का व्यय पिछले वर्ष की तुलना में कम है, वे इसके कारणों की पहचान कर तत्काल सुधार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में आगामी दो महीनों का सदुपयोग करते हुए निर्माण कार्यों से संबंधित सभी औपचारिकताएँ शीघ्र पूरी करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय सचिवों से कहा कि आप सभी जनता की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सतत मॉनिटरिंग और नियमित प्रवास से विकास की गति बढ़ती है। प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का हर दो माह में दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रालय के कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से 1 दिसंबर से बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुँचें और अपने अधीनस्थों को भी समयपालन के लिए प्रेरित करें।

## घर-कार लोन वालों को झटका: EMI पर राहत नहीं, RBI ने ब्याज दरें 5.5 प्रतिशत पर फ्रीज़ की

नई दिल्ली. भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति समिति की चौथी बैठक के बाद बड़ा ऐलान किया है। बैंक ने रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय लिया है। इसका सीधा मतलब है कि फिलहाल होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होगा और लोगों को EMI में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि समिति ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है और नीति के रुख को तटस्थ रखा गया है। दरअसल, मौजूदा समय में महंगाई नियंत्रण में है और इसी वजह से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस वित्त वर्ष में औसत मुद्रास्फीति 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, जो पहले के 3.7 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत के अनुमान से कम है। चौथी तिमाही और अगले साल की पहली तिमाही में भी महंगाई लक्ष्य के आसपास रहने की उम्मीद है।

# देहदान का सम्मान न होना सरकार की संवेदनहीनता - विष्णु लोधी



**मामला - मेडिकल कॉलेज में मृत शरीर संरक्षित करने की मशीन उपलब्ध नहीं होने पर देहदान के स्थान पर मृतक के अंतिम संस्कार का**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम झंडातलाव निवासी केवल लोधी, जिन्होंने जिला स्वास्थ्य केन्द्र में वार्ड बॉय के पद पर रहते हुए लगातार सेवा दी और मानवता की मिसाल पेश की। सेवा निवृत्ति के बाद भी वे समाज के लिए जीते रहे और अंततः जीवन का सबसे बड़ा संकल्प लिया- अपने शरीर का देहदान। 24 सितंबर 2025 को वे इस संसार से विदा लेकर अंतिम यात्रा के पथ पर चले गए।

उनकी यह महान इच्छा थी कि उनका शरीर मेडिकल कॉलेज में जाकर विद्यार्थियों की शिक्षा और अनुसंधान के लिए उपयोगी बने, जिससे आने वाले समय में हजारों रोगियों का इलाज संभव हो सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि मेडिकल कॉलेज में मृत शरीर संरक्षित करने की मशीन ही उपलब्ध नहीं थी। परिणामस्वरूप उनके इस पवित्र देहदान का वह उद्देश्य पूरा ही नहीं हो सका।

### मेडिकल कॉलेज में मृत शरीर संरक्षित करने की मशीन उपलब्ध नहीं होना प्रशासनिक लापरवाही - विष्णु लोधी

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने संवेदना व्यक्त कर कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि समाज के लिए गहरा आघात है।जब करोड़ों का बजट खर्च होता है, तो आखिर क्यों मेडिकल कॉलेज में इतनी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है? क्या सरकार के लिए घोषणाएं और दिखावे ही प्राथमिकता बन गई हैं? क्या देहदान जैसे महान कार्य का अपमान करना ही व्यवस्था का चेहरा रह गया है?

### परिजनों को जगह नहीं होने का हवाला देकर मृतक की बॉडी का अंतिम संस्कार देने की सलाह दी गई

परिवार वालों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारीयों को सूचना देने पर कहा गया कि यहां पर जगह खाली नहीं है आप वहीं अंतिम संस्कार कर लो, क्या ऐसे शब्द का चयन करना शोभा देता है? क्या उन्हें प्रिजर्वेशन मशीन की व्यवस्था नहीं करना था? और आज अफसोस की बात यह है कि देहदान जैसे महान कार्य के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने उनके परिवार से संपर्क तक नहीं किया और न ही उनके योगदान का सम्मान करने की कोई पहल की।

यह व्यवहार न केवल उनके परिवार के लिए पीड़ादायक है, बल्कि पूरे समाज के लिए अपमानजनक है। ऐसे महान शख्सियत का देहदान व्यर्थ जाना और उनके परिवार की अनदेखी होना सिर्फ एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्द है।

### व्यवस्था में सुधार करने की मांग विष्णु लोधी द्वारा

कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा है कि, मेडिकल कॉलेजों में देहदान करने वालो के लिए तत्काल मृत शरीर संरक्षित करने की मशीनें प्रिजर्वेशन उपलब्ध कराई जाएं। केवल लोधी जी के परिवार को सम्मानित कर उनकी इस महान सेवा का मान बढ़ाया जाए। भविष्य में किसी भी देहदान करने वाले परिवार के साथ ऐसी उपेक्षा न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए।

# स्वच्छता पखवाड़ा : स्कूली विद्यार्थियों ने बनायी मानव श्रृंखला, स्वच्छता अपनाने ली शपथ



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत नगर निगम द्वारा महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन में सभी वर्ग उत्साह से भाग ले रहे है और जहा एक ओर मंदिर, तालाब, उद्यान, चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया जा रहा है। वहीं विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ा जा रहा है। अभियान के तहत पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अपनाने जागरूक करने का संकल्प लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों में पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव थीम पर मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए शपथ लिया कि स्वच्छता अपनाएंगे और अपने परिवार व आस-पास के लोगों को साफ सुथरा रखने, डस्टबिन का उपयोग करने गंदगी नहीं फैलाने समझाईस देंगे तथा स्वच्छता के लिए हर वर्ष 100 घण्टे श्रमदान करने, स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिए पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करने, अपने घरों का कचरा सड़क पर नहीं फेंकने, अपने घरों का गीला एवं गिला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर अपनी भावना को पेंटिंग के माध्यम से शीट पर उकेरा और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा करने, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अपना बीमारी भगाव को आत्मसात करने प्रेरित किया। विद्यार्थियों को समझाईस दी गई कि चुंकि बच्चे देश के भविष्य है और उन्होने जब स्वच्छता का अलख जगाने बिड़ा उठाया है तो हमारा देश पूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर होगा। स्वच्छता के इस पावन कार्य में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

# धान फसल में माहू कीट का प्रकोप, कृषि विभाग ने किसानों को दिए नियंत्रण के उपाय



खैरागढ़ (दावा)। खरीफ सीजन की धान फसल में इस वर्ष माहू कीट का प्रकोप बढ़ने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। यह कीट भूरे रंग की मक्खी के समान दिखाई देता है और फसल की पत्तियों एवं तनों का रस चूसकर पौधों को कमजोर कर देता है।

प्रभावित पौधों की पत्तियां पीली पड़कर जलने जैसी दिखाई देती हैं, जिससे पौधे भोजन नहीं बना पाते और बौने रह जाते हैं। नतीजतन उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### कृष विभाग ने किसानों को चेतावनी दी है कि वे समय रहते नियंत्रण के उपाय अपनाएं, अन्यथा फसल को गंभीर नुकसान हो सकता है

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि माहू कीट नियंत्रण के लिए नाइट्रोजन उर्वरक का अधिक उपयोग नहीं करना चाहिए और खेतों के आसपास की खरपतवारों को हटाना आवश्यक है। जैविक नियंत्रण के तौर पर नीम आधारित कीटनाशक एजैंडिरेक्टीन का 3 से 4 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा रासायनिक नियंत्रण के लिए डाइनेटोफ्यूरॉन, पाईमेट्रोजीन, फिप्रोनील, इमिडाक्लोप्रिड, बाईफ्रेथ्रीन और ट्राईफ्लुमेजोपाईरीन जैसी दवाओं का प्रति हेक्टेयर 1000 मिली की दर से छिड़काव प्रभावी बताया गया है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे इन उपायों को समय पर अपनाकर अपनी धान फसल को सुरक्षित रखें और उत्पादन हानि से बचें।

# बालोद जिले में उदयाचल अस्पताल का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 1033 लोग हुए लाभान्वित



राजनांदगांव (दावा)। उदयाचल अस्पताल राजनांदगांव द्वारा बालोद जिले के 14 गांवों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर माह सितंबर 2025 में ट्रांस यूनियन सिबिल के सहयोग और साइट सेवर्स इंडिया के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

यह जनकल्याणकारी पहल बालोद जिले के ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुई है। शिविर में 1033 लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया। लगभग 280 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान की गई। 100 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करके उनकी आंखों की रौशनी वापस लाई गई। ये ऑपरेशन डॉ. सार्थक बाफना द्वारा किए गए। 208 लोगों को चिन्हांकित कर उन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

### अंधत्व मुक्त बालोद का संकल्प

यह शिविर ग्राम पंचायतों के सहयोग से आयोजित किए गए और स्वास्थ्य विभाग बालोद का भी इसमें सहयोग रहा। उदयाचल अस्पताल और सहयोगियों ने मिलकर बालोद जिले को अंधत्व मुक्त करने का संकल्प लिया है। इस सफल आयोजन में उदयाचल परिवार के मार्गदर्शक मादी सर, सुनिता शुक्ला के साथ ही जिला परियोजना समन्वयक रितेश सिंगाडे, समृद्धि शुक्ला, नीरज सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से सहभागी रहे।

# परिक्षेत्र साहू समाज बादराटोला के अध्यक्ष भालचंद साहू बने



छुरिया (दावा)। तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत बादराटोला परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, भवभूति कलियारी निर्वाचन अधिकारी, युगल किशोर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कलडबरी, चंद्रभान साहू सचिव परिक्षेत्र बादराटोला, ईश्वर साहू की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के चुनाव में भालचंद साहू आतरगांव विजयी घोषित किया गया।

उपाध्यक्ष में नरेंद्र कुमार खुर्सीटिकुल एवं महिला उपाध्यक्ष संतोषी साहू पति नोहरलाल साहू अछोली निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन सचिव में महेशदास सोनवानी बादराटोला एवं श्रीमती गीतेश्वरी साहू पति दीपक साहू करेठी निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा एवं भवभूति कलियारी, उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा गिरधारी लाल साहू, संरक्षक हिरेन्द्र कुमार साहू, डुमेश्वर साहू, सचिव तहसील साहू संघ कुमरदा नलेन्द्र साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र बादराटोला भुवनलाल साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ साल्हे चंद्रभान साहू, सचिव परिक्षेत्र बादराटोला गोपाल साहू, जीवनलाल साहू, केशव राम साहू, ओमप्रकाश साहू, कामता साहू, दीक्षित साहू आदि ने बधाई दी। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तहसील साहू संघ कुमरदा ने प्रमाण पत्र देकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज के सभी वरिष्ठजन एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नवनिर्वाचितों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# जस झांकी कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दैहान में नवरात्रि के छठवें दिन के पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जस झांकी समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

आदिशक्ति मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना कर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने पूरे क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र के दौरान भक्त देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते हैं। जिनमें मां शैलपुत्री, देवी ब्रह्मचारिणी, माता चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, देवी कात्यायनी, माता कालरात्रि, मां महागौरी और देवी सिद्धिदात्री शामिल हैं। मां के प्रत्येक रूप अलग-अलग गुणों और विशेषताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मंच से लोगों को बेटी बचाओ व नशा मुक्ति का संदेश भी दी। जस झांकी भजन मंडली ने असत्य पर सत्य की जीत पर आधारित झांकी की मनोरम प्रस्तुति दी।

कलाकारों ने भक्त प्रहलाद की भक्ति, हिरण्यकश्यप के अहंकार व मां दुर्गा द्वारा दुर्गमासुर वध की प्रस्तुति दी। साथ ही इस अवसर पर भगवती साहू, श्रीमती हेमन सिन्हा, भोलाराम कोटेश्वर, गंगाराम यादव, गौतम गजेंद्र, जनक साहू, परसराम निषाद, अर्जुन सिंह चंद्रवंशी, शंकर सिन्हा, सोनवाल धुर्वे, गैंदलाल सिन्हा समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का आरोप : बीजेपी नेता कांग्रेस राज में स्वीकृत कार्यो का श्रेय चुरा रहे



घुमका (दावा)। जिले के घुमका क्षेत्र में विकास कार्यों के श्रेय लेने की होड़ को लेकर कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवनीत राजपूत ने बीजेपी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत विकास कार्यों का श्रेय चुराकर झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने किया था सड़क का वादा और आवंटन

नवनीत राजपूत का आरोप है कि कुछ दिनों से बीजेपी के एक स्थानीय नेता घुमका क्षेत्र के बोटेपार खजरी, बहराभाठा, मालाडबरी और गोपालपुर से घुमका तक की सड़क निर्माण को लेकर वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। राजपूत ने दावा किया कि यह सड़क पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा घोषित की गई थी। इस सड़क को बजट में पास किया गया था और राशि भी स्वीकृत की गई थी।

उन्होंने 22 सितंबर को उपसचिव एस.एन.श्रीवास्तव द्वारा जारी सहपत्र का हवाला देते हुए कहा कि राशि स्वीकृत होने के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के कारण निर्माण कार्य रुक गया था।

### बीजेपी सरकार पर काम रोकने और देरी का आरोप

राजपूत ने वर्तमान बीजेपी सरकार पर सत्ता में आते ही इस काम को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 20 माह बीत जाने के बाद भी बीजेपी सरकार निविदा प्रक्रिया को शुरू नहीं करा पाई थी और कुंभकर्णी नींद में थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए डोंगरगढ़ क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधानसभा में हर बार इस मुद्दे को उठाया और बार-बार प्रयास किए, तब जाकर सरकार निविदा प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मजबूर हुई। नवनीत राजपूत ने कहा कि अ

ब जब निविदा प्रक्रिया पूरी होने वाली है तो बीजेपी नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए आगे आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विकास कार्यों का श्रेय चुराना इनकी पार्टी और कार्यकर्ताओं की पहचान बन गई है।

# कॉलेज छात्राओं को मिलेंगे 30 हजार रुपए, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी सरकार



छुरिया (दावा)। छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय हर वर्ग के लिए काम कर रही है। साथ ही अभी हाल ही में कॉलेज छात्राओं को 30 हजार रुपए देने की घोषणा से सिर्फ वनांचल व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्रों के छात्राओं को जिन्होंने 12वीं शासकीय विद्यालय से पासकर महाविद्यालयों में प्रवेश करने वाले छात्राओं को 30 हजार की प्रोत्साहन राशि इसीलिए दी जा रही है, ताकि किसी भी छात्रा की पढ़ाई सिर्फ पैसों की कमी की वजह से बीच में न रुके।

इस योजना के जरिए छात्राओं को बिना किसी आर्थिक बाधा के कालेज में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। सरकार की इस कदम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा के साथ समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जल्द ही आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ऑनलाइन व सीधे कॉलेज में फार्म भरने होंगे।

इस योजना से न सिर्फ उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे साथ ही शासकीय विद्यालयों में छात्राओं की प्रवेश भी बढ़ेगी। छात्राओं को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। इससे अधिक से अधिक लड़कियां पढ़ाई जारी रखेंगी और रोजगार तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगी। इस योजना से छात्राओं के व्यवहारिक जीवन में काफी बदलाव आने वाले है।

# पढ़ाई के साथ जीना सिखाने वाले शिक्षक देवानंद बोरकर सेवानिवृत्त




राजनांदगांव (दावा)। महंत राजा बलरामदास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित कर प्रधानपाठक देवानंद बोरकर को उनके सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा उन्हें बिदाई दी गई। इस मौके पर शाल, श्रीफल व मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एन.एस. पट्टा थे। अध्यक्षता प्राचार्य माधव सिंग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान पाठक नरेश यादव उपस्थित थे।

# आदिवासी एवं वन पर निर्भर समुदाय के लिए कार्यक्रम का संचालन



राजनांदगांव (दावा)। जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा विगत 26 वर्षों से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एव आजीविका के विषय पर कार्य कर रहा है। वर्तमान मे संस्था द्वारा जिले में जुलाई 2025 से जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत कोराचा, कंदाडी एवं हलोरा के 12 ग्रामों मे आदिवासी एवं वन पर निर्भर समुदाय कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत पेसा कानून, सामुदायकि वन प्रबंधन, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, मनरेगा एवं सामाजिक सुरक्षा पेशन (आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड से संबधित योजनाओं का लाभ आदिवासी एव वन पर निर्भर समुदाय तक पहुंच बनाने हेतु शुरुआत की गई है। जिससे आदिवासी समुदाय को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी हो सके। कार्यक्रम प्रबंधक हरिश कुमार क्षत्री ने बताया कि कार्यक्रम के शुरुआती दौर में 845 परिवारों का बेसलाइन घर-घर जा कर रहे है। जिसके माध्यम से भविष्य में सामुदायकि वन सरक्षण, सवर्धन एवं पुनर्जीवित करने पर समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना है। प्रोजेक्ट कोऑडिनेटोर द्वारा ग्राम पंचायत में सरपंच व ग्राम सचिव के साथ संपर्क कर सामाजिक पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के छूटे हुए पात्र व्यक्तियों से संपर्क कर आदि कर्मयोगी अभियान से जोड़कर योजना के लाभ दिलाने में सहयोग किया जा रहा है।

# नेहरू महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन, उत्साहमय वातावरण में संपन्न

**ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देते हैं - डॉ. ईव्ही रेवती प्राचार्य**



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी के नेतृत्व में 25 सितंबर को गरबा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सुशील सोनवानी (सहा. ग्रेड 3) एवं भूपेश (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) द्वारा जसगीत की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

प्राचार्य डॉ. रेवती ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि गरबा हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देते हैं। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी ने गरबा की परंपरा और नारीशक्ति के साथ इसके गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। गरबा प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने समूहों में भाग लिया। निर्णायकों द्वारा प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रुप- उगेश्वरी एवं साथी, द्वितीय स्थान प्राणी शास्त्र विभाग-मोनिका एवं साथी, तृतीय स्थान वनस्पति विज्ञान विभाग- ट्विंकल एवं साथी को प्राप्त हुआ। कम्प्यूटर साइंस विभाग की संजना एवं उनके समूह के प्रदर्शन को भी विशेष सराहना प्राप्त हुई। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त एनएसएस ग्रुप को 1001 रूपये नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेदप्रकाश साहू (सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य), अविनाश सिंह (विज्ञान संकायाध्यक्ष), डॉ. नौशिन अंजुम (भूगोल विभाग), श्रीमती तुलिका चक्रवर्ती (कम्प्यूटर साइंस), श्रीमती देवश्री देवांगन (गणित विभाग) सहित कई संकाय सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। छात्रों में शिवमनाथ योगी, प्रज्वल गेडाम एवं दीपक कुमार ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आशा चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.आर. कोचे, नितेश तिरपुड़े, जी.के. यादव, एच.आर. पदमे, ओ.पी. वर्मा, नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर , डॉ. सपना परिहार, डॉ. हजारे, डॉ. गोकुल प्रसाद, अनिमा मिंज, एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, चित्रा खोब्रागड़े, शैलेन्द्र यादव, कोटांगले, प्रीति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज दशहरा महोत्सव : विजया दशमी पर्व का चहुंओर बिखरेगा उल्लास

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर सहित अंचल भर में आज नवरात्र पर्व की दशमी तिथि को विजयादशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बुराई पर अच्छाई की जीत अधर्म पर धर्म की जीत व अहंकार पर सौम्य भाव की जीत का पर्व दशहरा आज विजयी भाव के साथ हर व्यक्ति में परिलक्षित होगा। रावण वध की खुशियां आज चारों ओर दिखाई पड़ेगी। लोग अहंकार के नाश के पर्व पर खुशियों से झूम उठेंगे और इसका इजहार विभिन्न रंगारंग आयोजन कर मनाया जाएगा।

बता दें कि शहर में म्यूनिसिपल स्कूल मैदान सहित स्टेट स्कूल मैदान, कमला कालेज मैदान, लखोली स्कूल मैदान, गौरीनगर, सोमनी आदि के अलावा किलापारा व अन्य स्थानों में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रावण वध का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इन स्थानों में रावण वध कार्यक्रम की धूम बनी रहेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शक्ति आराधना पश्चात मां जगज्जननी दुर्गा द्वारा उन्हें दिए गए विजयी भव के आशीर्वाद का पर्व विजयादशमी हर्षोल्लास लोगों के सिर चढ़कर बोलेगा। अहंकार के प्रतीक दशानन रावण का पूतला आज धूं-धूं कर जलाया जाएगा और भगवान श्रीराम की जय-जय मनाई जाएगी।

### नीलकंठ पक्षी के दर्शन का महत्व

आज विजयादशमी पर्व के दिन भगवान शंकर के स्वरुप नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना शुभ माना जाता है। इसी तरह जीत का प्रतीक सोनपत्ती बांटे जाने का भी विधान है। लोग नीलकंठ पक्षी का दर्शन के लिए गांव देहात क्षेत्र सहित इधर-उधर की खाक छानेंगे। कही किसी बिजली के तार व वृक्ष के झूरमूट में बैठे नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो गया तो इसे अपने आप में धन्य मानेंगे। बता दें कि नवरात्र पर्व की नवमी तिथि को जहां मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा की धूम रही। वहीं देवी मंदिरों तथा जंवरहा घरों में स्थापित किए गए मनोकामना ज्योत-जंवारा कलश की धूमधाम के साथ



**जगह-जगह आयोजित होंगे रावण वध के कार्यक्रम, रंगीन आतिशबाजियां व रंगारंग कार्यक्रम के बीच दशानन का होगा वध**

विसर्जन यात्रा निकाली गई। सुबह से लेकर देर शाम रात तक विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। आज नवरात्रि दशमी को अंचल सहित पूरे देशभर में विजयादशमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व की एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाएगी।

### जगह-जगह होंगे रावण दहन

शहर में रावण दहन का मुख्यतः कार्यक्रम म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में जनमहोत्सव समिति द्वारा आयोजित किया जाता है। समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि आयोजन के शानदार 18वे वर्ष में हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में कई सुपरहिट गीत गाने वाली सुप्रसिद्ध गायिका असीस कौर आ रही है। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। बता दें कि स्टेट स्कूल ग्राउंड में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा पूरे उल्लास के साथ रावण दहन कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। समिति के तथागत पांडे ने बताया कि स्टेट स्कूल मैदान के कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। वहीं उनकी उपस्थिति में रंगीन आतिश बाजियां के साथ शहर के ओपी देवांगन की सावन बैंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कमला कालेज मैदान में रावण वध का कार्यक्रम राजा दिग्विजय दास महोत्सव समिति द्वारा आयोजित की जाती है। म्युनिसिपल ग्राउंड में आज श्रावण वद कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अतिथियों की उपस्थिति में मुंबई की आसीस कौर अपनी शानदार प्रस्तुति देगी। वहीं स्टेट स्कूल में भी रंगीन आतिश बाजियां व रंगारंग कार्यक्रम के बीच रावण पूतले को धूं-धू कर जलाया जाएगा।

### लखोली में जलेगा 51 फीट का रावण

कमला कालेज में इस बार भजन-कीर्तन गान के साथ कटक की रंगीन आतिशबाजियां के बीच रावण पूतले को फूंका जाएगा। इसी तरह लखोली में युवा संगठन द्वारा 51 फीट का रावण पूतला बना कर रंगारंग लोक सांस्कृतिक के बीच दहन किया जाएगा। इसी तरह शहर के सिविल लाईन, लखोली व गौरीनगर में विजयादशमी पर्व मनाने विशाल रावण पुतले का निर्माण किया गया है। सोमनी में आज भव्य रामलीला मंचन के साथ नयनाभिराम आतिशबाजियों के बीच विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। शहर में खासकर जन महोत्सव समिति व राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति के भव्य रावण वध कार्यक्रम के लिए लोगों को थोक के भाव में पास बांटे गए हैं। सभी विजयादशमी कार्यक्रम में लोगों की ज्यादा से ज्यादा भीड़ खींचने के लिए समिति वालो द्वारा जमकर मेहनत की जा रही है।

# राजनांदगांव को नई सौगात : पर्यटक सूचना केंद्रों का कल होगा लोकार्पण





**गौरव पथ स्थित चौपाटी में आयोजित समारोह में डॉ. रमन सिंह करेंगे शुभारंभ**

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल करने जा रहा है। राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ में स्थापित किए गए पर्यटक सूचना केंद्रों का संयुक्त लोकार्पण गुरुवार 3 अक्टूबर को किया जाएगा। लोकार्पण समारोह संध्या 5 बजे गौरव पथ स्थित चौपाटी, विश्राम गृह के सामने आयोजित किया जाएगा।

### अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष छग विधानसभा डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता पर्यटन, संस्कृति, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बंजारे, महापौर राजनांदगांव मधुसूदन यादव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ रमन डोंगरे, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सचिन बघेल और अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि इन सूचना केंद्रों की स्थापना से पर्यटकों को यात्रा मार्ग, ठहरने की सुविधा, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों तथा स्थानीय कला-संस्कृति की जानकारी सहज रूप से मिल सकेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

# नेशनल हाईवे में सड़क हादसा : बाइक सवार तीन युवकों की मौत



**राजनांदगांव (दावा)।** इस बार नवरात्रि पर्व में जिले की सड़के सर्वाधिक रुप में खून से लाल हुई है। नवरात्रि के पहले दिन से आखिरी दिन तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आई है। इस तरह के हादसे में अभी तक दर्जनभर के करीब जाने जा चुकी है। नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन चिचोला और पाटेकोहरा के बीच एक मोटर सायकल दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें मोटर सायकल सवार दो लोग जहां गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक की मौत हो गई है। बताया जाता है कि शिलापुर देवरी महाराष्ट्र से एक ट्रक एमएच 10 डीटी 9293 राजनांदगांव की ओर आ रही थी। उसका ड्राइवर उसे पाटे कोहरा बेरियर के पास खड़ा कर दिया।इस दौरान मोटर सायकल होंडा एम एच 35 एक्स 5178 में सवार होकर आ रहे तीन लोग उक्त खड़ी ट्रक से टकरा गए। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रयास किया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल संजय 22 वर्ष, मोहित व अजय 28 वर्ष को मेडिकल कॉलेज हास्पीटल पेंड्री लाया गया। जिसमें संजय पिता इंसाराम निवासी शिलापुर देवरी महाराष्ट्र की मौत हो गई। पुलिस घटना को लेकर आगे की जांच में जुटी हुई है।

**सूचना**
घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।
व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
मंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

भूखंड बेचना है
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com